18 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 91

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड की बेटी सलीमा को दिया अर्जुन पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया। उनको पुरस्कार मिलने से राज्य के खिलाड़ियों में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रदेश के खिलाड़ियों के साथ-साथ आम लोगों में इसे लेकर खुशी है और गौरवान्वित हो रहे हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य सोनू, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य लोगों ने सलीमा टेटे को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

झारखंड की स्टार महिला हॉकी खिलाड़ी और भारतीय हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे झारखंड की पहली महिला और दूसरी हॉकी खिलाड़ी बन गयीं, जिन्हें अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। इससे पहले 1972 में ओलंपियन स्व. माइकल किंडो को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जबकि, सिलवानुस डुंगडुंग और सुमराय टेटे को मेजर ध्यानचंद अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। सलीमा सिमडेगा के सदर प्रखंड के गांव बड़की छापर में पली-बढ़ी हैं। उनका बचपन अभाव में बीता। बांस से बनी स्टिक से हॉकी की शुरुआत की थी। पिता सुलक्षण टेटे और मां सुभानी टेटे किसान हैं। सलीमा के पिता भी हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं। इसका फायदा उन्हें मिला और पिता के रूप में ही आरंभिक कोच मिल गया था। वे सलीमा को जिले में होनेवाली लठ्ठाखम्हन प्रतियोगिता में खेलने के लिए पहली बार 2011 में ले गये थे। सलीमा ने बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इसी दौरान गांव में हॉकी को प्रमोट करनेवाले तत्कालीन हॉकी सिमडेगा के संयुक्त सचिव मनोज कोनबेगी की नजर सलीमा पर गयी। इसके बाद फिर कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। 2016 में ही बैंकॉक में आयोजित अंडर-18 एशिया कप के लिए जूनियर भारतीय महिला टीम की उपकप्तान बनायी गयी थीं। सलीमा को 2018 में हुए यूथ ओलंपिक से बड़ी पहचान मिली। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीता था। 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनायी गयीं।



## शूटर मनु, चेस वर्ल्ड चैंपियन गुकेश समेत चार को खेल रत्न

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का वितरण राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार को हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुर्मू ने सबसे पहले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। उनके अलावा, ओलिंपिक में डबल मेडल जीतने वालीं शूटर मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पेरिस पैरालिंपिक्स में जेवलिन का गोल्ड जीतने वाले नवदीप समेत 34 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया गया। इनमें 17 पैरा-एथलीट हैं, जबकि दो लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए हैं। इनके अलावा पांच कोच को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला।

## सलीमा को बधाई और शुभकामनाएं



भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई और शुभकामनाएं। आपने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत से देश को गौरवान्वित किया है। मेरी कामना है कि आप भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम रोशन करती रहें।

**- संतोष कुमार गंगवार, राज्यपाल**



आप अपने उम्दा खेल और नेतृत्व से हॉकी के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित करें, यही कामना करता हूं। आज पुरस्कार पाने वाले अन्य सभी खिलाड़ियों को भी अनेक-अनेक बधाई और जोहार।

**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**



2018 में जब सलीमा ने अपनी कप्तानी में यूथ ओलंपिक में रजत पदक जीत कर आयी थीं, तब उनसे मिला था और बधाई दी थी। आज उन्हें अर्जुन पुरस्कार मिलने पर फिर से बधाई देना चाहता हूं। यह समस्त खेल जगत और खिलाड़ियों का सम्मान है।

**- सुदिव्य कुमार, खेल मंत्री**



झारखंड की बेटी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी इस शानदार उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है।

**- बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष**



उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए सलीमा टेटे को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं। समस्त झारखंडवासियों को आप पर गर्व है।

**- रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री**

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### विदेश मंत्रालय बोला यूक्रेन-रूस जंग में 12 भारतीयों की मौत

**नयी दिल्ली।** रूस की तरफ से जंग लड़ रहे अब तक 12 भारतीयों की यूक्रेन में मौत हो गयी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तक 126 भारतीय नागरिकों के रूसी सेना में शामिल होने के मामले सामने आये हैं। इनमें से 96 लोग भारत लौट आये। रूस में अभी भी 18 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं, जिनमें से 16 की कोई जानकारी नहीं मिल रही है। हम इनकी स्वदेश वापसी के लिए काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन जंग 24 फरवरी 2022 से चल रही है। इस दौरान रूसी सेना पर आरोप लगे कि उसने जंग में भाड़े और दूसरे देशों के कई लोगों को जबरन भेज दिया है। इनमें कई भारतीय भी शामिल थे। जो वहां नौकरी करने गये थे।

### चारधाम यात्रा के लिए गठित होगा प्राधिकरण

**देहरादून।** 2025 में चार धाम यात्रा शुरू होने से पहले यात्रा प्राधिकरण बनकर तैयार हो जायेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर यात्रा प्राधिकरण को लेकर तैयारियां तेज की जा रही हैं। इसके लेकर तीर्थ पुरोहितों के साथ प्रमुख सचिव आनंद बर्धन की बैठक हो चुकी है। इसके अलावा पर्यटन सचिव सचिव कर्वे भी कई दौर की मीटिंग कर चुके हैं। संभावना है कि 30 जनवरी तक प्राधिकरण का प्रारूप बनकर तैयार हो जायेगा।

# जेल, होमगार्ड, आरक्षी और उत्पाद आरक्षी की नियुक्ति अब एक साथ

- संयुक्त आरक्षी बहाली के लिए तैयार हो रही है नयी नीति
- झारखंड के आदिवासी और मूलवासी अधिक संख्या में बहाल हों, इस पर बल
- नयी नीति के तहत चार संवर्ग की नियुक्ति होगी एक साथ

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में एक बार फिर आरक्षी बहाली की नयी नीति तैयार की जा रही है। हाल ही में उत्पाद आरक्षी की नियुक्ति के दौरान कई अभ्यर्थियों की मौत के बाद इसकी आवश्यकता महसूस की गयी थी। इस बार की नीति झारखंड की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रख कर बनायी जा रही है। उत्पाद आरक्षी, जिला बल आरक्षी, होमगार्ड जवान और जेल के आरक्षी के लिए एक संयुक्त नियुक्ति परीक्षा का आयोजन सरकार करायेगी।

**गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक :** गृह सचिव वंदना दादेल की अगुवाई में कमेटी की बैठक हो चुकी है। इस बैठक में उत्पाद आयुक्त मनोज कुमार, पुलिस की ओर से एडीजीपी सुमन गुप्ता, होमगार्ड के डीआइजी अजय लिंडा, कार्मिक डीआइजी नौशाद आलम और जेल आइजी सुदर्शन मंडल शामिल हुए। तय हुआ कि अभी जो दौड़ निर्धारित है, उसकी समय सीमा और दूरी दोनों कम की जाये। दौड़ के लिए निर्धारित समय हो। नियुक्ति कमेटी अपने मन मुताबिक समय निर्धारित नहीं करेगी। एक बार में कितने अभ्यर्थी दौड़ेंगे यह तय किया जायेगा। परीक्षा दो भागों में होगी। एक भाग में शारीरिक परीक्षा और दूसरे भाग में लिखित परीक्षा। झारखंड के दसवीं पास छात्र इसमें शामिल हो पायेंगे।



सांकेतिक फोटो

### आरक्षी के 10 हजार पद हैं खाली

सरकार चाहती है कि आरक्षी नियुक्ति में इस राज्य के मूलवासी और आदिवासी को ही मौका मिले। नियुक्ति नियमावली इसको ध्यान में रखकर तैयार की जायेगी। इस नियमावली के बनने के बाद ही नयी आरक्षी बहाली हो सकती है। झारखंड में फिलहाल आरक्षी के 10 हजार पद खाली हैं जिसमें उत्पाद, जेल और होमगार्ड को जोड़ दिया जाये तो इसकी संख्या और बढ़ सकती है।

# तिरू फॉल में पिकनिक मनाने आये तीन छात्रों की डूब कर मौत

**मरनेवालों में दो सगे भाई रांची के हेहल में रहते थे**


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बुढ़मू।** राजधानी रांची के तिरू फॉल में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। इस फॉल में नहाने गये तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गयी है। सभी यहां पिकनिक मनाने आय थे। तीनों के शव को गोताखोरों ने पानी से निकाल लिया है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तिरू फॉल रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र में है। मृतकों की शिनाख्त आशीष कुमार, अंकुर कुमार और दीपक गिरी के तौर पर की गयी। आशीष और अंकुर सगे भाई थे। ये रांची के हेहल इलाके के रहने वाले पद्मलोचन दास के बेटे थे। वहीं, दीपक चान्हो करकट गांव निवासी अशोक गिरी का बेटा था। सभी की उम्र 20 से 25 साल के बीच है। ये लोग इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे थे।

### नहाने के लिए फॉल में उतरे थे

मिली जानकारी के अनुसार नये साल के मौके पर तिरू फॉल में पर्यटकों का आना-जाना लगा हुआ है। आशीष कुमार, अंकुर कुमार और दीपक गिरी भी शुक्रवार को पिकनिक मनाने के इरादे से तिरू फॉल पहुंचे थे। तीनों लड़के नहाने के लिए एक साथ पानी में उतर गये। अचनाक सभी डूबने लगे। उन्हें डूबता देख वहां मौजूद अन्य लोग उन्हें बचाने के लिए चीखने-चिल्लाने लगे। उनकी चीख सुन मौके पर मौजूद स्थानीय गोताखोरों ने पानी में छलांग लगा दी। काफी मशक्कत के बाद तीनों लड़कों को पानी से बाहर निकाला गया। तब तक मिली सूचना पर पुलिस भी स्पॉट पर पहुंच गयी। तीनों छात्रों को जल्दबाजी में पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। तीनों की मौत की खबर के बाद मृतकों के घरों में कोहराम मच गया।





# भारत में हर साल जितनी गाड़ियां बिक रहीं उतनी कई देशों की आबादी नहीं: नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री ने ऑटो एक्सपो का उद्घाटन और प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पीएम मोदी ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो का उद्घाटन भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री जबरदस्त भी है और भविष्य के लिए तैयार भी है। भारत की ऑटो इंडस्ट्री पिछले साल में लगभग 12% की दर से आगे बढ़ी है। इतनी कई देशों की आबादी नहीं है, जितनी भारत में हर साल गाड़ियां बिक रही हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है। पिछली बार 800 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 1.5 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया। इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में भी ये एक्सपो चल रहा है।



### भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आप कल्पना करें को जब भारत विश्व की सबसे बड़ी तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, तब भारत का ऑटो मार्केट कहां होगा। विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी सेक्टर की भी अभूतपूर्व विस्तार की यात्रा होने वाली है।

### मल्टी लेन हाइवे और एक्सप्रेस वे का जाल बिछ रहा

मोदी ने कहा कि कभी भारत में गाड़ियां न खरीदने का एक कारण अच्छी और चौड़ी सड़कों का अभाव था। पिछले वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रखे गए थे। आज भारत में मल्टी लेन हाइवे और एक्सप्रेसवे का जाल बिछ रहा है।

**सहायक शिक्षक नियुक्ति मामला:** पारा शिक्षकों को हाइकोर्ट से झटका

# क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट का प्रावधान हुआ खत्म

**पिछली सुनवाई में बहस हुई थी पूरी, शुक्रवार को सुनाया गया फैसला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कृष्ण कुमार हलदर की ओर से झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुना दिया है। इस मामले में पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दोनों पक्षों की बातें सुनी थीं और इसके बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाइकोर्ट ने शुक्रवार को अपने फैसले में कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में पारा शिक्षकों को क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट देना सही नहीं है। इस मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में सुनवाई हुई।

गौरतलब है कि सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिये जाने और क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट दिये जाने को चुनौती देने वाली याचिका हाइकोर्ट में बुधवार 15 जनवरी को सुनवाई हुई थी। अधिवक्ता शुभम कुमार मिश्रा, शिवम उत्कर्ष सहाय और कुमार पवन ने प्रार्थी की ओर से बहस की। वहीं अधिवक्ता राहुल साबू ने जेएसएससी की ओर से पक्ष रखा था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद उस दिन कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाते हुए पारा शिक्षकों को क्वालीफाइंग मार्क्स में छूट देने के प्रावधान को खत्म कर दिया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 74,600 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड और केंद्र के बीच बकाये को लेकर टकराव

## ■ झारखंड के बाद अब केंद्र ने झारखंड से मांग लिये 13 हजार 299 करोड़ का बकाया

## ■ झारखंड भी अड़ा, पहले मेरे 1.36 लाख करोड़ का बकाया तो लौटाओ

## ■ रास्ता नहीं निकला, तो बकाये के इस खेल में नुकसान दोनों को उठाना पड़ सकता है

आजाद सिपाही विशेष

**झारखंड के साथ केंद्र के रिश्तों में एक बार फिर से तनाव पैदा होने की संभावना दिखाई देने लगी है। केंद्र सरकार ने झारखंड से अपना 13 हजार 299 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने को कहा है। इसे लेकर झारखंड सरकार में गहमा-गहमी है। केंद्र सरकार द्वारा बकाये की मांग का समुचित जवाब देने की तैयारी की जा रही है। लेकिन इस मांग और उसके जवाब के बीच यह सवाल अब जोर पकड़ने लगा है कि क्या केंद्र और झारखंड के बीच का रिश्ता इतना कड़वा हो गया है। दरअसल बकाये का यह विवाद पहले से ही टकराव का कारण बना हुआ है। झारखंड ने पिछले साल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र से अपने बकाये का 1.36 लाख करोड़ का बकाया मांगना शुरू किया, लेकिन लोकसभा के शीतकालीन सत्र में केंद्र सरकार ने इस बकाये के दावे को नकार दिया। अब केंद्र ने अपने बकाये का दावा कर दिया है, तो बकाये का यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। अब केंद्र द्वारा झारखंड के दावे को नकारे जाने और अपना बकाया मांगने के बाद झारखंड के साथ उसके रिश्तों में खटास आना अवश्यंभावी हो गया है। यह खटास न केवल झारखंड के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है, क्योंकि देश की ऊर्जा जरूरतों के लिए कोयले का 40 फीसदी हिस्सा झारखंड ही देता है। दूसरे खनिज भी झारखंड से ही मिलते हैं। जाहिर है अगर झारखंड को उसके बकाये का भुगतान नहीं होगा, तो उसके खिलाफ आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार होगी और फिर एक न एक दिन कोयले के उठाव पर असर पड़ेगा। इसलिए बकाये के मुद्दे पर अब दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर इसे सुलझाने की जरूरत है, ताकि रिश्तों में खटास पैदा नहीं हो। क्या है बकाये का विवाद और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



झारखंड के 1.36 लाख करोड़ के बकाये के दावे को नकारने के बाद अब केंद्र सरकार ने राज्य से अपना 13 हजार 299 करोड़ का बकाया भुगतान करने की मांग कर दी है। केंद्र सरकार ने कहा है कि झारखंड ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती के एवज में दिये जानेवाले प्रतिनियुक्ति भत्ते का भुगतान लंबे समय से नहीं किया है। यह रकम 13 हजार 299 करोड़ हो गयी है। इसलिए इसका भुगतान किया जाये। केंद्र सरकार के दावे के बाद झारखंड में इसका समुचित जवाब दिये जाने की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके साथ ही अब यह भी तय हो गया है कि बकाये के मुद्दे पर केंद्र और झारखंड के बीच टकराव होकर रहेगा। एक विशुद्ध आर्थिक विषय को सियासत के अखाड़े में खींच कर इस मुद्दे को अनावश्यक तूल दिया जा रहा है।

### आर्थिक मुद्दे पर पहले भी होता रहा है टकराव

आर्थिक मुद्दों पर झारखंड और केंद्र के बीच टकराव का यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले 2019-20 में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने झारखंड को बिना बताये उसके खाते से अपने बकाये का चार सौ करोड़ रुपया निकाल लिया था। देश के इतिहास में यह पहली बार था, जब किसी खाताधारक की अनुमति के बिना उसके खाते से किसी तीसरी पार्टी ने रकम निकाल ली हो। वह भी तब, जब डीवीसी का पूरा कारोबार झारखंड की जमीन से चलता है और उसने झारखंड के हजारों करोड़ रुपये बाकी रखे हैं। इस मुद्दे ने जब तूल पकड़ा, तो रिजर्व बैंक को बीच-बचाव करना पड़ा।

### क्या है बकाये का मुद्दा

केंद्र द्वारा झारखंड से अपना बकाया मांगे जाने से पहले झारखंड ने उससे 1.36 लाख करोड़ का बकाया मांगा था। कोयला और दूसरे खनिजों की रॉयल्टी का यह मुद्दा पिछले साल अगस्त में पैदा हुआ। पिछले साल 14 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को एक अप्रैल 2005 के बाद से रॉयल्टी का पिछला बकाया वसूल करने का अधिकार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 1989 के अपने फैसले को पलटते हुए कहा था कि राज्यों के पास खनिजों पर टैक्स लगाने का अधिकार है। पहले यह अधिकार केंद्र सरकार के पास होता था। कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खनन कंपनियों द्वारा खनिज संपन्न राज्यों को बकाये का भुगतान अगले 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने खनिज संपन्न राज्यों को रॉयल्टी के बकाये के भुगतान पर किसी तरह का जुर्माना नहीं लगाने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश केंद्र की उस याचिका को खारिज करते हुए दिया था, जिसमें 25 जुलाई के उसके फैसले के संभावित प्रभाव के बारे में पूछा गया था। इस फैसले में राज्यों को खनिज अधिकारों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने के अधिकार को बरकरार रखा गया था और उन्हें एक अप्रैल, 2005 से रॉयल्टी का बकाया मांगने की अनुमति दी गयी थी।

### फैसले के बाद झारखंड ने उठायी मांग

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद झारखंड सरकार ने हिसाब लगाया कि केंद्र सरकार के पास उसके रॉयल्टी मद में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया हैं। इस बकाये के भुगतान के लिए मुख्यमंत्री से लेकर मुख्य सचिव तक ने केंद्र को पत्र लिखा। सीएम हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले 24 सितंबर को भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखा। चुनाव में इसे मुद्दा भी बनाया। पत्र में सीएम ने कहा था कि कोयला कंपनियों पर हमारा 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया है। कानूनी प्रावधानों और न्यायिक घोषणाओं के बावजूद कोयला कंपनियां भुगतान नहीं कर रही हैं। बकाया राशि का भुगतान न होने के कारण झारखंड का विकास और आवश्यक सामाजिक-आर्थिक परियोजनाएं बाधित हो रही हैं।

### केंद्र सरकार ने झारखंड के दावे को नकारा

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 15 दिसंबर को पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि केंद्र सरकार पर झारखंड का कुछ भी बकाया नहीं है। लोकसभा में सरकार के इस जवाब का झारखंड ने विरोध भी किया था और फिर अपने स्तर से बकाया वसूली के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार करने का फैसला किया। इसके लिए कागजी कार्रवाई भी पूरी कर ली गयी। इसी महीने की शुरूआत में केंद्रीय कोयला मंत्री ने अपने झारखंड दौरे के दौरान कहा कि झारखंड अपने बकाया भुगतान के लिए टकराव का रास्ता छोड़ कर बातचीत करे। यानी कोयला मंत्री एक तरह से यह स्वीकार किया कि झारखंड का बकाया है।

### 2020 में ढाई सौ करोड़ दिया था कोयला मंत्रालय ने

केंद्र द्वारा झारखंड के बकाये से इनकार किये जाने के बाद यह सवाल भी उठा था कि जब झारखंड का कोई बकाया नहीं है, तब 2020 में तत्कालीन कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ढाई सौ करोड़ रुपये की रकम क्यों दी थी। यह रकम कोयला कंपनियों द्वारा जमीन लिये जाने के एवज में बकाया रकम के रूप में दी गयी थी। उस समय कहा गया था कि कोयला कंपनियों के पास झारखंड का करीब आठ हजार करोड़ रुपये बकाया है। यह बकाया केवल जमीन की कीमत है।

### मिल जुल कर खोजना होगा रास्ता

अर्थशास्त्री कहते हैं कि पिछले दो दशकों में केंद्र के स्तर पर सेस लगाने का चलन बढ़ा है। केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी वित्त आयोगों की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है, लेकिन सेस में राज्यों को कुछ नहीं मिलता। वहीं, राज्य जीएसटी के चलते अपने राजस्व स्रोत घटने की शिकायतें करते रहे हैं। कैश ट्रांसफर योजनाओं में भी संयम की जरूरत है। केंद्र और राज्यों को मिलजुल कर इसका रास्ता निकालना होगा।

### झारखंड के साथ टकराव से होगा नुकसान

इधर बकाये को लेकर झारखंड के साथ टकराव से देश का नुकसान होना तय है। इस मुद्दे को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों को बैठना होगा। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि आंकड़ों का हिसाब है। झारखंड का पक्ष जानना भी जरूरी है। यदि तनाव बढ़ा, तो झारखंड में इसकी प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसका नुकसान पहले भी दिख चुका है। खनिजों का परिवहन रोकने से लेकर आर्थिक नाकेबंदी तक का परिणाम देश भुगत चुका है। इसलिए इस बकाये के मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाना ही अच्छा होगा।

---

# नयी दिल्ली में सम्मानित हुए 25 नौसेना नागरिक

## इयर ऑफ नवल सिविलियन कार्यक्रम में शामिल हुए राजनाथ सिंह और संजय सेठ



**विकसित भारत के सपनों को सामूहिक रूप से पूर्ण करने का लिया संकल्प**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** इयर ऑफ नवल सिविलियन के तहत नवल सिविलियन के योगदान को लेकर नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत फोटो और पेंटिंग प्रदर्शनी से हुई, जिसमें नौसेना के नागरिकों की कलात्मक प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। कलाकृतियों में कार्यस्थल पर जीवन के दृश्य और नौसेना के परिचालन समर्थन में नागरिकों के विभिन्न योगदानों को दर्शाया गया। प्रदर्शनी में न केवल नौसेना के नागरिकों द्वारा निभाई गयी तकनीकी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला गया, बल्कि उनकी रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी दिखाया गया, जो नौसेना के मिशन में उनके योगदान को दर्शाती हैं। श्रम पुरस्कार प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को प्रदान किये जाते हैं, जिन्होंने अपनी-अपनी भूमिकाओं में असाधारण समर्पण और उत्कृष्ट योगदान दिखाया है।

अनुकरणीय सेवा और योगदान के सम्मान में, राजनाथ सिंह ने 9 सराहनीय पुरस्कार और 16 नकद पुरस्कार नौसेना के उन नागरिकों को प्रदान किये, जिन्होंने अपने कर्तव्य के दौरान उत्कृष्ट समर्पण का प्रदर्शन किया है। रक्षा मंत्री ने पुरस्कार विजेताओं की उनकी प्रतिबद्धता, दृढ़ता और अपने-अपने कर्तव्यों से परे योगदान के लिए सराहना की। इस अवसर पर सीडीएस अनिल चौहान भी उपस्थित रहे। नौसेना के नागरिकों के महत्वपूर्ण योगदान पर परिचर्चा हुई।


सबने पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हम सबने पूर्ण कौशल और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

---

# भारत विश्व में विविधता में एकता का अद्वितीय और उत्कृष्ट उदाहरण : राज्यपाल

**उत्तराखंड से झारखंड की यात्रा पर आये युवाओं के साथ किया संवाद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को उत्तराखंड से युवा संगम कार्यक्रम के तहत झारखंड की यात्रा पर आये युवाओं के साथ राज भवन में संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि भारत पूरे विश्व में विविधता में एकता का अद्वितीय और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। उत्तराखंड के युवाओं का यह दल पांच दिवसीय यात्रा पर यहां आया है।

राज्यपाल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी संस्कृति, आर्थिक समृद्धि और नवाचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। राज्यपाल ने झारखंड और उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। साथ ही लोकसभा सदस्य के रूप में इनके गठन के पक्ष में उन्होंने अपना मत दिया था। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता है, अपने पवित्र तीर्थस्थलों और हिमालय की छटा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, झारखंड अपनी खनिज संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटन के क्षेत्र में यहां अपार संभावनाएं हैं। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा वैद्यनाथ समेत कई मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। राज्यपाल ने आइआइटी (आइएसएम), धनबाद के जरिये इस कार्यक्रम की मेजबानी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि आइआइटी (आइएसएम), धनबाद के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड की यात्रा कर वहां की संस्कृति और शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस कार्यक्रम का नोडल संस्थान आइआइटी रुड़की है। इस अवसर पर उत्तराखंड से आये हुए युवाओं ने राज्य के संदर्भ में अपने विचार रखे।

# झामुमो ने तीन जिलों को छोड़कर बूथ स्तर की सभी कमेटियों को भंग किया, संयोजक मंडली का गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने तीन जिले दुमका, धनबाद और हजारीबाग को छोड़कर सभी जिलों की बूथ स्तर तक की सभी समितियों को भंग कर दिया है। साथ ही संयोजक मंडली का गठन किया गया है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है संयोजक मंडली के सदस्यों की नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी। रांची जिला से मुस्ताक आलम को संयोजक प्रमुख बनाया गया है। मनोनीत संयोजकों को निर्देश दिया गया है कि पार्टी का सदस्यता अभियान 18 जनवरी से 28 फरवरी तक युद्धस्तर पर चलाना सुनिश्चित करेंगे। सदस्यता अभियान के सफल संचालन के लिए पार्टी के केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और वरिष्ठ नेताओं से सहयोग के साथ मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए सभी स्तर के नेता और कार्यकर्ताओं को शामिल करेंगे। जारी आदेश में कहा गया है कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर पार्टी हित में सदस्यता अभियान को सफल बनाने का कार्य करेंगे। केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुए आगामी 45 दिनों के अंदर सभी पंचायत और वार्ड समितियों का गठन-पुनर्गठन करने के बाद प्रखंड, नगर और महानगर समितियों के गठन के लिए नामों की अनुसंशा (संपर्क संख्या और वाट्सएप संख्या सहित) अनिवार्य रूप से करते हुए केंद्रीय कार्यालय को समर्पित करेंगे।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

INDIA

38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25 रजत जयंती वर्ष


38वें राष्ट्रीय खेल

उत्तराखण्ड में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

28 जनवरी-14 फरवरी, 2025



पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

इन स्थानों पर होंगे नेशनल गेम्स

देहरादून: स्क्वॉश, तीरंदाजी, शूटिंग पिस्टल और राइफल, 5 गुणा 5 और 3 गुणा 3 बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, नेटबॉल, वुशु, जूडो, रग्बी सेवन्स, लॉन बॉल, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस।

ऋषिकेश टिहरी: इक्सट्रीम सलालम, कैनोई सलालम, बीच हैंडबॉल, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी।

ऊधमसिंह नगर: साइकिलिंग ट्रैक, साइकिलिंग रोड, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग ट्रैप, स्केट, मलखंब।

हल्द्वानी: फुटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, मॉडर्न पैंटॉथालान, स्वीमिंग, फेंसिंग, ट्रायथलॉन।

हरिद्वार: हॉकी, कबड्डी, कुश्ती, कलारीपयट्टू।

नई टिहरी: क्याकिंग और कैनोइंग (स्प्रिंट), रोइंग।

नैनीताल (भीमताल): साइकिलिंग एमटीबी।

अल्मोड़ा: योगासन।

पिथौरागढ़: बॉक्सिंग।

चंपावत: रॉफ्टिंग।

संकल्प से शिखर तक

देशभर के करीब 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखण्ड की खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा

35 खेल स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे देशभर के खिलाड़ी

योग व मलखंब को किया गया है राष्ट्रीय खेलों में शामिल




तेजस्विनी (मशाल)



मौली (मैस्कट)







अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
https://38nguk.in/

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
198000 Subscribers
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# आंदोलनकारियों के गांवों को विकसित करने के लिए सात करोड़ आवंटित : दीपक बिरुवा

**झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने झारखंड आंदोलनकारियों के गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को परिवहन मंत्री एवं झारखंड आंदोलनकारी दीपक बिरुवा से उनके आवास पर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बजट 2025-26 में झारखंड आंदोलनकारियों के गांवों को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने की मांग की। परिवहन मंत्री ने कहा कि 7 करोड़ रुपये झारखंड आंदोलनकारियों के अमर पुरोधाओं के गांवों को विकसित करने के लिए कल्याण विभाग की ओर से आवंटित किया जा चुका है। इस बजट में भी सरकार समुचित व्यवस्था करेगी इसकी अतिरिक्त आंदोलनकारी को राजकीय मान सम्मान और सम्मान पेंशन के संदर्भ में भी सकारात्मक पहल करेगी। मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने ज्ञापन में कहा कि झारखंड अलग राज्य, आंदोलनकारियों के लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद बना है। आपके माध्यम से मांग करते हैं कि युद्ध स्तर पर झारखंड आंदोलनकारियों के गांव को चिह्नित किया जाये। राज्य सरकार प्रत्येक आंदोलनकारी के गांव को मॉडल विलेज के रूप में विकसित करें और 5 वर्षों के अंदर दुनिया के समक्ष एक उदाहरण पेश करें। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक डॉ रामनाथ मेहता, सागर महतो, मुरारी पांडेय, संतोष कुमार मेहता मौजूद थे।

# झारखंड में सरकारी कार्यालय के बाहर लगायें मेधा डेयरी बूथ : शिल्पी नेहा तिर्की

**सरकार से स्थल मुहैया कराने के लिए विभाग करेगा पत्राचार**

**शहरी क्षेत्र के स्कूल के बाहर उपलब्ध रहेगा मेधा डेयरी प्रोडक्ट**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सरकारी कार्यालयों के बाहर मेधा डेयरी बूथ लगेंगे। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग इसको लेकर सरकार से स्थल मुहैया कराने का अनुरोध करेगा। इसका उद्देश्य राज्य के अंदर मेधा डेयरी को बढ़ावा देना और उसका प्रचार-प्रसार करना है। पशुपालन निदेशालय हेसाग में झारखंड मिल्क फेडरेशन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक के दौरान मेधा डेयरी के प्रचार-प्रसार की जरूरत को महसूस किया गया। इसके लिए शहरी क्षेत्र में स्कूल के बाहर मेधा डेयरी के अस्थाई बूथ दिखेंगे। स्कूली बच्चों के बीच मेधा डेयरी के उत्तम उत्पाद उपलब्ध कराये जायेंगे। विभाग का मानना है कि स्कूली बच्चें मेधा डेयरी के प्रचार का सबसे सशक्त माध्यम हो सकते हैं।

इसके लिए स्कूल के बाहर मेधा डेयरी के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। रांची के मांडर, चान्हो , बेड़ो प्रखंड में भी मेधा डेयरी का बूथ खोलने का निर्देश विभागीय मंत्री ने दिया है। जमशेदपुर के बजाय सरायकेला खरसांवा जिले में डेयरी प्लांट के लिए स्थल चयन का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है। पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित फॉर्मर ट्रेनिंग सेंटर को आवासीय बनाने की बात मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कही है।

ताकि ऐसे ट्रेनिंग सेंटर पर 200 से 300 किसानों की आवासीय ट्रेनिंग हो सके। गो सेवा आयोग के साथ एक कार्यशाला आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया है। इस कार्यशाला में गो पालकों को कई तरह की जानकारी दी जायेगी। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है फेडरेशन के साथ-साथ डेयरी कॉपरेटिव सोसाइटी का गठन किया जाये। ये झारखंड के लिए सफल साबित होगा। ऐसा करके ग्रामीण स्तर पर लोगों को जोड़ा जा सकता है। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

# हिंदी के प्रयोग और प्रसार को बढ़ावा दें: शिवचंद्र प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए आमंत्रित मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. शिवचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि हिंदी संघर्ष की भाषा है और उसका स्वरूप बदलता रहा है। हिंदी में कार्य करने के लिए परंपरागत माध्यमों के साथ नये माध्यमों को अंगीकार करना होगा। भारतीय रेल पूरे देश को जोड़ती है और हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए स्वंय सबसे बड़ा माध्यम है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना होगा। तकनीक का सदुपयोग हमें आगे बढ़ा सकता है, इसमें कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और इच्छाशक्ति के साथ हम किसी भाषा को सीख सखते हैं।

इस अवसर पर अभिषेक कुमार, उप महाप्रबंधक (सामान्य) ने अपने वक्तव्य में हिंदी भाषा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक के इस दौर में हमें भाषा के विकास के लिए तकनीकी कौशल प्राप्त करना जरूरी है। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (योजना), मनीष कुमार ने कहा कि हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने में हिंदी कार्यशाला का महत्वपूर्ण स्थान है।

उन्होंने कहा कि हमारी मातृभाषा हिंदी है, परंतु साथ में यह भी सत्य है कि इससे हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ती है कि हम अपनी मातृभाषा के प्रयोग-प्रसार में क्या सार्थक योगदान करते हैं। उन्होंने इ-ऑफिस का उल्लेख करते हुए कहा कि आजकल शत-प्रतिशत कार्य इ-ऑफिस के माध्यम से संपन्न हो रहे हैं और इस माध्यम से हिंदी में कार्य करना बहुत आसान है। राजभाषा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में हिंदी के वैश्विक परिदृश्य विषय पर बोलते हुए कहा कि हिंदी भाषा के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। इस अवसर पर चंदन नवीन, इंजीनियरी विभाग ने भी अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन सुरेश महतो, कनिष्ठ अनुवादक द्वारा किया गया।

# विद्यालय में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**नगड़ी।** साइंस एकेडमी बोर्डिंग स्कूल नगड़ी में भगवान महावीर आइ हॉस्पिटल एवं भारतीय मानवाधिकार छोटा नागपुर के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बता दें कि स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार ने वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश जायसवाल एवं राजेश सिंह से आग्रह किया था कि हमारे विद्यालय में छात्र एवं छात्रों को नेत्र की परीक्षण करवाया जाये। मानवाधिकार छोटा नागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष संतोष पाठक, राजेश सिंह एवं दिनेश जायसवाल ने भगवान महावीर हॉस्पिटल के डॉ वर्तिका गुप्ता एवं डॉ मयूरी भट्टाचार्य से सहयोग करने का आग्रह किया। दोनों डॉक्टर ने अपनी टीम के साथ विद्यालय में कक्षा नर्सरी से 10 तक के सभी छात्र-छात्राओं की आंख की जांच की, लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने परीक्षण करवाया जिसमें लगभग 60 छात्र-छात्राओं को उपस्थित डॉक्टर द्वारा चश्मा पहनने की सलाह दी गयी। स्कूल के डायरेक्टर डीएन सिंह ने कहा- शिविर का मुख्य उद्देश्य करोना के बाद छात्र एवं छात्राओं को आंखों की स्थिति के बारे में पता चल सके एवं इस संबंध में उनके अभिभावक को उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। इस मौके पर अविष्कार फाउंडेशन ट्रस्टी के संस्थापक बॉबी सिंह, डॉ मृदुला सौरभ, डॉक्टर एसएन मिश्रा, व्रजेश शर्मा, महानंद झा, ईशाना कुमारी, रविंद्र शर्मा, अजय ओझा, सौरभ सेन, व्रजेश तिवारी, रविंद्र शर्मा, अजीत पाठक, गौरव सिंह, सौरभ कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्रो डॉ अजीत सिन्हा इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन झारखंड के सलाहकार बने

**रांची विश्वविद्यालय और इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन मिल कर उद्यमशीलता को बढ़ायेंगे**

**कुलपति ने कहा, रांची विश्वविद्यालय के पास नवाचार के ढेरों मौके**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 17 जनवरी को इसुआ (इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन) की टीम ने रथिन भद्रा के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड में स्टार्ट-अप और उद्यमशीलता को गति देने के लिए कुलपति से सहयोग मांगा। इसुआ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा ने कुलपति डॉ सिन्हा से झारखंड में इसुआ के एडवाइजर बनने का आग्रह किया। इस आग्रह को कुलपति ने स्वीकार कर लिया है। अब रांची विश्वविद्यालय और इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन (इसुआ) झारखंड में उद्यमशीलता और रोजगारपरक नये आयडियाज पर मिल कर काम करेंगे।

कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारे पास स्टार्ट-अप के बहुत सारे नवाचार हैं जिसे हम इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन के साथ मिल कर बेहतर और प्रभावी ढंग से करते हुए अच्छा परिणाम हासिल कर सकते हैं। इससे हमारे राज्य के युवा बाहर रोजगार खोजने के बजाय रोजगार देने वाले बन सकते हैं। रांची विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में एक कमिटी बना कर इस दिशा में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा। वहीं रथिन भद्रा ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रांची विश्वविद्यालय और कुलपति के अनुभवों और नेतृत्व से हम झारखंड में एक रोजगारपरक इकोस्टिम बना सकेंगे। ऐसा होने से झारखंड ही नहीं बल्कि देश भर के युवाओं को लिये नये अवसर प्राप्त होंगे।

इस बैठक में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डीन साइंस डॉ अरुण कुमार, डॉ ऐके डेल्टा, डॉ वंदना, डॉ सुनील कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह, डॉ रणधीर कुमार, इंडियन सटार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रथिन भद्रा, राजा बागची सहित अन्य उपस्थित थे।

# संत जेवियर्स में फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग पर व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में शुक्रवार को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केपिंग विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर जेआरयू की सहायक प्राध्यापक डॉ नेहा एंजेल ग्रेस किस्कू ने बागवानी पर विद्यार्थियों की कल्पनाओं को जगाने एवं उसके कई स्वरूपों की विवेचना की। इस पर विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्रोजेक्ट के साथ आगे बढ़ने के बारे में जानकारी मिली। पूरे सत्र के दौरान विद्यार्थी पौधों की पंखुड़ियों और झरनों की रंगीन छवियों के बारे जानने को इच्छुक दिखे। इस मुद्दे पर विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तरी सत्र में शहरी हरियाली, सड़क के किनारे विकास, सड़कों की हरियाली, दीवार के पौधे, छत पर बागवानी और इनडोर पौधों जैसे विषयों पर मार्गदर्शन मिला। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ अजय कुमार श्रीवास्तव, विभाग के अन्य प्राध्यपकगण और सेमेस्टर पांच और एक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की आयोजन सचिव अरोमा ऐश्वर्या बारला ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# डॉ लंबोदर महतो ने सलीमा को दी बधाई



**रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। डॉ लंबोदर महतो ने सलीमा टेटे के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने ने कहा, ₹सलीमा टेटे की उपलब्धि से हमें बहुत गर्व है। यह पुरस्कार न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का पल है। हमें उम्मीद है कि यह पुरस्कार उन्हें और भी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगा।**

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में झारखंड के सबसे बड़े श्री राधा-कृष्ण मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया चौथ व्रत पूजा के अवसर पर शुक्रवार को विशेष पूजा- पाठ की गयी। महिलाओं ने भजन-कीर्तन किये। महिला समिति के सदस्यों द्वारा गाये भजनों में खूब झूमे एवं श्री राधा कृष्ण के भोग लगाये। चौथ व्रत का सनातन धर्म में विशेष महत्व माना गया है। इस दिन गणपति बप्पा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ये व्रत रखने से संतान की लंबी आयु और खुशहाल जीवन की प्राप्ति होती है। माताएं शुभ मुहूर्त मे गणेश भगवान की पूजा करती हैं और फिर रात में चांद के दर्शन कर-के अपना व्रत खोलती हैं। भव्य मंदिर के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा-कृष्ण, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना की जा रही है। मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रांची का श्री राधा कृष्ण मंदिर धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है झारखंड के विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडेय पूरे श्रद्धा भाव के साथ श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना कराकर प्रसाद बांटे।

## सीएमपीडीआइ और आइसीए फाउंडेशन की पहल

# रांची में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सीएमपीडीआइ और आइसीए फाउंडेशन ने जरूरतमंद बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। इस योजना के तहत बच्चों को निःशुल्क कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण में कंप्यूटर अकाउंटेंसी जैसे महत्वपूर्ण कोर्स शामिल हैं, जो बच्चों के करियर को नयी दिशा देने में मदद करेगा।

**पात्रता और आवश्यक दस्तावेज :** इस कोर्स के लिए आवेदन करने वाले छात्रों का कम से कम 12वीं पास होना अनिवार्य है। आवेदन के समय निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होंगेः आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, 12वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड।

**प्लेसमेंट की सुविधा :** कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों को प्लेसमेंट का अवसर भी प्रदान किया जायेगा, जिससे उन्हें रोजगार पाने में मदद मिलेगी। प्लेसमेंट के लिए आवेदन करने वाले बच्चों को एक अलग से आवेदन पत्र जमा करना होगा।

**आवेदन कैसे करें :** जो बच्चे इस प्रशिक्षण में शामिल होना चाहते हैं, वे अपने दस्तावेजों के साथ आइसीए फाउंडेशन, रांची के मेन रोड ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8877188888 पर कॉल करें। यह योजना समाज के जरूरतमंद वर्ग के बच्चों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# अंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल में सेनेटरी पैड अवेयरनेस प्रोग्राम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को धुर्वा स्थित अंबेडकर रिजेंट ऑक्सफोर्ड स्कूल में सेनेटरी पैड अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। 100 गर्ल्स क्लब के फाउंडर राजमणि के द्वारा जनकल्याण योजना प्रचार-प्रसार अभियान के तहत स्कूल में सेनेटरी वेडिंग मशीन स्कूल परिसर में लगायी गयी। मशीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार सिन्हा आइपीएसडी आइजी रांची, विशिष्ट अतिथि डॉ अरुण कुमार ब्रेन एंड नर्व स्पेशलिस्ट न्यूरो डिपार्टमेंट सैमफोर्ड हॉस्पिटल, राजमणि 100 गर्ल्स क्लब एवं जनकल्याण योजना प्रचार-प्रसार अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख फाउंडर के द्वारा किया गया। सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन को स्कूलों में लगाने का उद्देश्य मासिक धर्म के दौरान छात्राएं स्कूल आ सके और अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार समाजसेवी, स्कूल के फाउंडर विनोद कुमार बैठा, स्कूल की निर्देशिका संगीता कुमारी, सह निदेशक अमित कुमार सहित स्कूल कि शिशिकाएं मोनिका, श्वेता, रुकिया, सुमन और सैकड़ों छात्राएं मौजूद थीं।

# टेंडर हार्ट के विद्यार्थियों ने पीएम के समक्ष झारखंड का बढ़ाया मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** टेंडर हार्ट स्कूल के छात्रों ने भारतीय मौसम विभाग के 150वें वार्षिकोत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का गौरव बढ़ाया। यह भव्य आयोजन नयी दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति ने इसे खास बना दिया। इस मौके पर भारतीय मौसम विभाग ने नेशनल मौसम ओलंपियाड का आयोजन किया। इसमें झारखंड राज्य से टेंडर हार्ट स्कूल के चार छात्रों का चयन हुआ। टेंडर हार्ट की मुस्कान भारती (कक्षा 11वीं), प्रिया प्रकाश (कक्षा 9वीं), अगस्त्य कुमार गुप्ता (कक्षा 9वीं) और कौशिकी (कक्षा 8वीं) ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन छात्रों को मौसम भवन, दिल्ली में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में भारतीय मौसम विभाग के सचिव और निदेशक द्वारा 12,000 नगद, मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टेंडर हार्ट स्कूल झारखंड का पहला ऐसा विद्यालय बना, जिसके छात्रों ने भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने कहा, यह हमारे लिए गर्व का पल है। हमारे छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय और झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि टेंडर हार्ट स्कूल हमेशा से छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए समर्पित रहा है। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन वेदांत तिवारी, निदेशक जे मोहंती, हेडमिस्ट्रेस शिवांगी शुक्ला और उप-प्राचार्या कविता किरण झा ने भी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता की सराहना की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in




## संसदीय समिति के सदस्यों ने सीएम से की मुलाकात

# एससी-एसटी के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति झारखंड भ्रमण पर आयी है। समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार एससी-एसटी समाज के लोगों के कल्याण व विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुलाकात के दौरान सीएम और संसदीय समिति के सदस्यों बीच राज्य में एससी-एसटी के कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं समेत उनसे जुड़े अन्य मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सीएम से मिलने वालों में समिति के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद डॉ फग्गन सिंह कुलस्ते, सदस्य डॉ मल्लू रवि (लोकसभा सांसद), वीडी राम (लोकसभा सांसद), प्रतिमा मंडल (लोकसभा सांसद), रवांग्वरा नारजारी (राज्यसभा सांसद), शफूलो देवी नेताम (राज्यसभा सांसद) एवं देवेंद्र प्रताप सिंह (राज्यसभा सांसद) शामिल थे।

### केंद्र और राज्य को मिल कर करना होगा काम

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन प्रगति के रास्ते पर उन्हें जितना आगे आना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं पीछे रह गये हैं। ऐसे में विकास में उनकी भागीदारी मजबूत करने के लिए ठोस नीति बनाकर उसे योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही है और उसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और विजन डाक्यूमेंट तथा रोड मैप तैयार कर आगे कई और ठोस कदम उठाने जा रही है। सीएम से मिलने वालों में संसदीय समिति के सचिव एवं नेशनल सेक्रेटरी डीआर शेखर, डिप्टी सेक्रेटरी मोहन अरुमाला, अंडर सेक्रेटरी एन टूथांग, ज्वाइंट डायरेक्टर टीआरएस गोस्वामी और कमिटी अफसर पूजा किर्थवाल भी शामिल थे।

## झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड मिलने पर दी बधाई



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किये जाने पर बधाई दी है। अजय राय ने सलीमा टेटे के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि यह पुरस्कार उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि सलीमा टेटे की उपलब्धि से हमें बहुत गर्व है और यह पुरस्कार न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का पल है। सलीमा टेटे झारखंड की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी हैं जिन्हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया है।


E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd., Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref. : 2897 Date: 17.01.2025
Tender Notice
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites applications from Security Agencies for providing Private Security Guards (Armed) & Manpower Services for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of bids: 07.02.2025 till 11.00 AM.
For Tender eligibility criteria and other details, please visit website: http://www.jscb.gov.in or it may be obtained from Head Office, JSCB
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi


# राष्ट्रीय पुस्तक मेले का शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

### पुस्तक लिखना आसान नहीं, इसके लिए तप करना पड़ता है: सीपी सिंह

**रांची।** रांची में आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ महुआ माजी ने कहा कि पुस्तकें सुख-दुख की साथी हैं और व्यक्ति को सदा पुस्तकों से जुड़ा रहना चाहिए। इस मेले में विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकें प्रदर्शित की गयी हैं। मेले का आयोजन समय इंडिया, नयी दिल्ली और बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। मेले में तीन पुस्तकों का लोकार्पण भी हुआ। स्थानीय वरिष्ठ कथाकार उर्मिला सिन्हा की दो नवीनतम कथाकृतियां, एक जोड़ी आंखें और यादों की पोटली का लोकार्पण मुख्य अतिथि द्वय सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह ने किया। इसके अतिरिक्त अशोक बंका के कहानी संग्रह सरहुल का लोकार्पण भी हुआ। सीपी सिंह ने पुस्तकों को व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि पुस्तक लिखना आसान नहीं, इसके लिये तप करना पड़ता है। इस अवसर पर डॉ जंगबहादुर पांडेय, डॉ गोवर्धनपुरी, डॉ ममता, मनीष सिन्हा, डॉ कुसुमलता, वीणा श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।


दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

**निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा/2025/01।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं, जो मदों के सामने उल्लिखित तिथि पर **15:00 बजे** से पहले जमा किया जाना है और इसे **15:30 बजे** खोला जाएगाः **क्रम संख्या; निविदा संख्या; कार्य का विवरण; निविदा मूल्य; बयाना राशि; निविदा खोलने की तिथि; कार्य पूर्णता की अवधि** निम्नलिखित के अनुसार हैः (1); ई-केजीपी-मुख्यालय-01-2025; खड़गपुर मंडल में (1) स्क्रैप यार्ड केजीपी, (2) ट्रैफिक सेटलमेंट खड़गपुर और (3) शालीमार गंगा के छोर पर आरसीसी ओवरहेड टैंक (1,00,000 गैलन तक की क्षमता) द्वारा पुराने/जीर्ण स्टील टैंकों को प्रतिस्थापित करना; **₹4,23,71,063.97**; ₹ 3,61,900.00; 28/01/2025; 12 महीने (2); ई-केजीपी- मुख्यालय-02-2025; स्लीपर नवीनीकरण, रेल की डिस्ट्रेसिंग, पैकिंग और जंगरोधी रेल पेंटिंग आदि कार्य, एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र में पांशकुड़ा-हल्दिया खंड में पी.वे (अप लाइन किमी 2.389 - 59.500, एसआई लाइन - 59.50069.455) का कार्य; **₹ 2,39,10,768.38**; ₹ 2,69,600.00; 29/01/2025; 10 महीने (3); ई-केजीपी-ईस्ट-01-2025; हावड़ा-खड़गपुर सेक्शन में सामान्य ट्रैक और पॉइंट्स एवं एक्स-इंग्स के लिए ट्रैक बैलेस्ट की डीप स्क्रीनिंग का कार्य, जो विभिन्न स्थानों पर डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है (दूसरी बार आमंत्रण); **₹ 1,34,09,638.04**; ₹ 2,17,100.00; 30/01/2025; 6 महीने (4); ई-केजीपी-ईस्ट-02-2025; डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत संतरागाछी-आमता सेक्शन में प्लेटफॉर्म सतह को ऊपर उठाने के कार्य का निष्पादन; **₹ 15,48,84,127.90**; ₹ 9,24,400.00; 30/01/2025; 18 महीने (5); ई-केजीपी- ईस्ट-03-2025; डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत संतरागाछी, टिकियापाड़ा और पद्मपुकुर में विभिन्न कोचिंग रखरखाव शेडों में स्टील संरचनाओं की पेंटिंग के कार्य का निष्पादन; **₹ 99,17,580.00**; ₹ 1,98,400.00; 30/01/2025; 6 महीने (6); ई-केजीपी- ईस्ट-04-2025; (i) डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधीन हावड़ा-खड़गपुर खंड पर पुल संख्या 51 अप, मिड और डाउन तथा 59 अप, मिड और डाउन का ड्रोन और स्थलीय लाइडर आधारित निरीक्षण और (ii) सीनियर डीईएन/दक्षिण/खड़गपुर (द्वितीय कॉल) के अधीन खड़गपुर-भद्रक खंड पर पुल संख्या 235 अप और डाउन तथा 263 अप और डाउन का ड्रोन आधारित दृश्य निरीक्षण (सामान्य) के कार्य का निष्पादन; **₹ 34,37,264.00**; ₹ 68,800.00; 06/02/2025; 6 महीने (7); ई-केजीपी-ईस्ट-05-2025; डीईएन/पूर्व/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सांतरागाछी-शालीमार खंड के बीच एलसी एसएसआई का उन्मूलन और सांतरागाछी - हावड़ा खंड के बीच एलसी नंबर 6 का यू टाइप रिटेनिंग वॉल के प्रावधान के साथ आरयूबी का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य का निष्पादन; **₹ 28,00,69,031.50**; ₹ 15,50,400.00; 06/02/2025; 18 महीने (8); ई - केजीपी - मुख्यालय - 03 -2025; एडीईएन/सेटलमेंट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खड़गपुर में केंद्रीकृत दूरसंचार स्टोर के लिए गोदाम और कार्यालयों का निर्माण; **₹ 1,91,58,231.06**; ₹ 2,45,800.00; 31/01/2025; 12 महीने (9); ई-केजीपी-मुख्यालय-04-2025; एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के तहत पांशकुड़ा-हल्दिया खंड में 24.788 ट्रैक किलोमीटर (विभिन्न स्थानों पर) के लिए गिट्टी नवीनीकरण का कार्य; **₹ 1,91,27,972.68**; ₹ 2,45,600.00; 31/01/2025; 08 माह. **निविदा दस्तावेज लागतः** 0.00 (सभी के लिए) **बोली प्रारंभ होने की तिथिः क्रम संख्या 1 के लिए** 14/01/2025 से और 28/01/2025 को 15.00 बजे तक। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः क्रम संख्या 2 के लिए** 15/01/2025 से और 29/01/2025 को 15.00 बजे तक। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः क्रम संख्या 3 से 5 के लिए** 16/01/2025 से और 30/01/2025 को 15.00 बजे तक। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः क्रम संख्या 6 और 7 के लिए** 23/01/2025 से और 06/02/2025 को 15.00 बजे तक। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः क्रम संख्या 8 एवं 9 के लिए** 17/01/2025 से और 31/01/2025 को प्रातः 10.30 बजे तक। इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं की पूर्ण जानकारी/विवरण/विनिर्देशों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं और अपनी बोलियाँ ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन कार्यों के लिए मैन्युअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी। **नोटः** संभावित बोलीकर्ता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। (PR-1028)


# राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना में आज

### झारखंड से प्रदेश से भी कई नेता होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक 18 जनवरी को पटना के मौर्या होटल में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के तमाम राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय नेता शामिल होंगे। झारखंड से प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद सिंह यादव, मंत्री संजय प्रसाद यादव, विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, गोड्डा जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष कल्पना देवी, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव डॉ अरुण देव सहित कई अन्य नेता शामिल होंगे। इस बैठक में पार्टी के आगामी रणनीति और कार्यक्रमों पर चर्चा की जायेगी। राष्ट्रीय जनता दल के डॉ मनोज कुमार कहा कि इसमें पार्टी के भविष्य की रणनीति तैयार की जायेगी। बैठक सांगठनिक चुनाव को लेकर बुलायी गयी है। इसमें राजद के चुनाव कार्यक्रमों पर मुहर लगेगी। पार्टी की ओर वर्तमान में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। एक करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य के विरुद्ध अबतक 60 फीसदी सदस्य बनाये जा चुके हैं।

## राजद सुप्रीमो लालू से मिले झारखंड के प्रदेश महासचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने शुक्रवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से पटना स्थित उनके आवास में मुलाकात की। इस दौरान कैलाश यादव ने राजद सुप्रीमो को नव वर्ष की बधाई दी। साथ ही उनसे आशीर्वाद लिया और झारखंड में पार्टी की गतिविधियों से अवगत कराया।



# मुगलई खाने का मजा अब रांची में

### दिल्ली के प्रसिद्ध करीम्स होटल का बरियातू में हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिल्ली के प्रसिद्ध करीम्स होटल का बरियातू में भव्य उद्घाटन बरियातू एसआरके कॉम्प्लेक्स आलम हॉस्पिटल के पास किया गया। करीम्स होटल का उद्घाटन कांके विधायक सुरेश बैठा ने किया। इस मौके पर बैंड बाजा से ग्राहकों का स्वागत किया गया। विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि ग्राहक रांची में रहकर दिल्ली का मजा ले सकते हैं। यहां स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन पकाने की बेहतरीन कला मुगलों के संरक्षण में विकसित और परिपूर्ण हुई। जो लोग शुद्ध भोजन के शौकीन हैं, वे करीम बरियातू, रांची जायें और स्वादिष्ट मुगलई भोजन की अपनी इच्छा पूरी करें। करीम बरियातू रांची, जो 1913 में स्थापित करीम रेस्तरां दिल्ली का हिस्सा है, सदियों से परिष्कृत किये गये मुगलई व्यंजनों की बेहतरीन पेशकश करता है। इस मौके पर करीम बरियातू के संचालक अमित मिश्रा ने कहा कि अब रांची के लोगों को दिल्ली का मजा मिलेगा। यहां मटन सिक कबाब, मटन बर्रा, मटन नाली निहारी, मटन स्टू ,मटन जहांगीरी, नूरजहां दम बिरयानी, मटन दम बिरयानी, तंदूरी नान, तंदूरी बकरा समेत सारे मुगलई खाना ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि सुबह 12:00 से रात 11:00 बजे तक करीम खुला रहेगा। साथ ही 6 किलोमीटर के रेडियस पर होम डिलीवरी की सुविधा भी ग्राहकों को दी गयी है। जोमैटो और स्विग्गी के साथ भी करीम बरियातू का टाइअप है। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद कांके अब्दुल मजीद, अखिलेश्वर शर्मा, अहिल्या शर्मा समेत कई विशिष्ट लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने स्टाफ संबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया




रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय बीएनआर चाणक्या होटल में स्टाफ संबोधन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एमवी राव द्वारा की गयी। उन्होंने बैंक और ग्राहकों के मध्य परस्पर अन्योन्यश्रय संबंध की चर्चा की। उन्होंने बताया कि समय की मांग के आधार पर बैंक ने अपनी तकनीक को उन्नत बनाने का कार्य किया है जिस से ग्राहकों की शाखा पर निर्भरता कम हो। उन्होंने आह्वान किया कि हर जरूरतमंद के घर पर बैंकिंग सेवाओं की पहुंच के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में क्षेत्रीय कार्यालय रांची के अर्धवार्षिक पत्रिका सेंट जोहार का विमोचन राव के द्वारा किया गया। महाप्रबंधक इ रतन कुमार ने कहा कि बैंक अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बहुत सारे ग्राहकों की सुविधा के दृष्टिकोण से बदलाव ला रहा है। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख आरसी गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में आंचलिक प्रमुख जयशंकर प्रसाद और रांची क्षेत्र के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार, झारखंडी समाज के लिए गर्व का विषय : विजय शंकर नायक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड की पहली महिला स्टार हॉकी खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि हर झारखंडी समाज के लिए गर्व और गौरव का विषय है तथा पूरे राज्य के लिए खुशी का क्षण है। उक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहीं। विजय शंकर नायक ने सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार मिलने पर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि झारखंडी समाज के लिए गर्व का विषय है। सलीमा टेटे का हॉकी करियर 2010 में शुरू हुआ और उन्हें 2016 में जूनियर भारतीय हॉकी महिला टीम के लिए चुना गया था। उनकी यह उपलब्धि हर झारखंडी समाज के लिए गर्व और गौरव का विषय है और पूरे राज्य के लिए खुशी का क्षण है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने आकांक्षी जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

### डॉ मुरुगन ने जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आइटीआइ केंद्र और करंजिया केज कल्चर मछली पालन केंद्र और जिले के पीएम श्री विद्यालय का किया निरीक्षण




**चाइबासा।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री, भारत सरकार डॉ एल मुरुगन अपने चाईबासा यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को उपायुक्त सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रमों जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में मंत्री के साथ चाइबासा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर और उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा और विभिन्न विभागों और योजनाओं से जुड़े जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़े चाइबासा में चलाये जा रहे अभियानों और इनसे जुड़े आंकड़ों की समीक्षा कर अपने विचार और सुझाव साझा किये।

मंत्री ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति, कुपोषित बच्चों से जुड़े आंकड़ों, टीबी के इलाज और प्रबंधन, आंगनवाड़ी केंद्रों को स्थिति, सड़क, बिजली, पानी, विद्यालयों की संख्या और वर्तमान स्थिति, सेल्फ हेल्प ग्रुप की स्थिति, जन धन खातों की संख्या, मृदा स्वास्थ्य से जुड़े आंकड़े, एक जिला एक उत्पाद से जुड़े कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और अपने सुझाव दिये। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को अपनी ताकत का इस्तेमाल कर लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है, सबका साथ सबका विकास का प्रधानमंत्री का लक्ष्य है, इसी ध्येय से ही हम विकसित भारत का 2047 तक निर्माण कर सकते हैं।

समीक्षा बैठक से पूर्व सुबह डॉ एल मुरुगन ने जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड में संचालित आइटीआइ केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आइटीआई में विभिन्न ट्रेड आधारित वर्कशॉप का अवलोकन क्रम में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इसके बाद केंद्रीय राज्य मंत्री ने इस प्रखंड के करंजिया में स्थानीय लाभुक समिति द्वारा केज कल्चर के माध्यम से किये जा रहे हैं मछली पालन कार्य का अवलोकन कर लाभुकों संग संवाद भी किया गया। तदोपरांत मंत्री ने चाइबासा सदर स्थित पीएम श्री स्कूल टाटा कॉलेज कॉलोनी, मध्य विद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने साइंस लैब, कंप्यूटर लैब व संचालित क्लासरूम का अवलोकन करते हुए अध्यनरत विद्यार्थियों संग वातार्लाप भी किया। मंत्री ने मीडिया को भी संबोधित किया और आकांक्षी जिला कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख पहलुओं पर हो रहे विकास और बेहतर क्रियान्वयन की जानकारी दी। उनके द्वारा जिला अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्कूल में ड्रॉप आउट के दर को कम करना जरूरी है। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया जाये, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के तहत मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी उत्पादन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाया जाय और अधिक रोजगार पैदा किया जाये।

## कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अमर शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती कांग्रेस भवन में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने पांडेय गणपत राय को झारखंड का गौरव बताया। इस अवसर पर मुख्य रूप से केएन त्रिपाठी, प्रदीप तुलस्यान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी और विनय सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# विस्थापित और प्रभावित ग्रामीणों के समर्थन में सांसद विजय हांसदा सड़क पर उतरे

### बुनियादी सुविधा की मांग को ले विस्थापित ग्रामीणों ने कोयले की ढुलाई को कराया ठप

कार्तिक कुमार



**पाकुड़।** पचवारा सेंट्रल व नॉर्थ कोल ब्लॉक से विस्थापित दर्जनों गांवों के ग्रामीण व प्रभावित लोगों ने शुक्रवार को बुनियादी सुविधाओं की मांग को ले कोयले की ढुलाई और खनन को ठप कर दिया। विस्थापितों और प्रभावित ग्रामीणों के समर्थन में झामुमो के क्षेत्रीय सांसद विजय हांसदा के नेतृत्व में कोयला खुदाई व ढुलाई को ठप कर दिया है। विस्थापित ग्रामीण रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, आवास, नियमित पेयजल और बिजली की आपूर्ति आदि तमाम नागरिक सुविधा बहाली के साथ-साथ फसल क्षतिपूर्ति की राशि भुगतान करने की मांग पर बीजीआर और डीबीएल कोल कंपनी के खिलाफ अड़ गये हैं। सेंट्रल व नॉर्थ कोल ब्लॉक के सभी गांवों के विस्थापित व प्रभावित ग्रामीण प्रधान मूर्मू के आवास पर सांसद विजय हांसदा की अगुवाई में बैठक की। विस्थापितों ने दोनों कोल कंपनियों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। 2019 से डब्लूबीपीडीसीएल अथवा बीजीआर नॉर्थ कोल ब्लॉक का संचालन कर रही है लेकिन स्थानीय शिक्षित बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार के लिए ट्रांसपोर्टिंग से भी वंचित रखी हुई है। सेंट्रल कोल ब्लॉक अंतर्गत पड़ने वाले गांवों के ग्रामीणों ने भी कमोबेस यही समस्या सांसद को सुनाया। बिशनपुर, सकलमा, लिट्टीपाड़ा, चिलगो, सिंगडेहरी के ग्रामीणों ने प्रदूषित पेयजल सहित संबंधित कंपनी द्वारा शुद्ध पेयजल की स्थायी व्यवस्था अब तक नहीं कराये जाने, रोजगार के नाम सिर्फ भरोसा देने अथवा सात-आठ हजार प्रति माह पगार की नौकरी देने, फसल की क्षति-पूर्ति राशि का वर्तमान दर से भुगतान न करने, घटिया गिट्टी से आवास की ढलाई करने, महिलाओं को पत्ता-प्लेट निर्माण में समान पैसे न देने, बाहर पढ़ रहे बच्चों को स्टाइपेंड न देने सहित अन्य कई तकलीफें सांसद को सुनाया। सांसद ने सभा में उपस्थित बीजीआर के लाइजनिंग ऑफिसर सुमन राय और डीबीएल के लाइजनिंग मैनेजर पंकज द्विवेदी, लौगेस्टिक मैनेजर संजय सिंह चौहान को यह निर्देश दिया कि इन सभी समस्याओं को कंपनी के सक्षम अधिकारी तक एक निश्चित समय के अंदर पहुंचाएं। इधर सांसद विजय ने कहा कि विस्थापित ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा कोल प्रबंधन को उपलब्ध कराना होगा।

# शांति पर सहमति

इजरायल और हमास के बीच गाजा में युद्धविराम समझौते को लेकर सहमति बनने की खबर हर लिहाज से राहत देने वाली है। हालांकि अभी तक दोनों पक्षों की तरफ से समझौते की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि आखिरी पलों में थोड़े और मान-मनौव्वल की जरूरत भले पड़े, समझौते पर अमल शुरू हो जायेगा।

**ट्रंप की भूमिका :** इस सहमति के पीछे अमेरिका की भूमिका तो है ही, नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप का इसमें निजी दिलचस्पी लेना भी खासा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि उनके पद ग्रहण करने से पहले बंधक छोड़ दिए जाने चाहिए। सहमति बनने की घोषणा भी सबसे पहले ट्रंप ने ही की।

**शांति की कीमत :** यह शांति अच्छी खासी कीमत देने के बाद हासिल हो रही है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास की ओर से इजरायल में किये गये जिस आतंकी हमले से यह जंग शुरू हुई, उसमें 1200 लोग मारे गये थे और 250 लोग बंधक बना लिये गये थे। उसके बाद गाजा पर की गयी इजरायली कार्रवाई में 46000 लोग मारे जा चुके हैं। गाजा की 90 फीसदी आबादी विस्थापित हो चुकी है। लेबनान, सीरिया, यमन और इराक तक इस संघर्ष की चपेट में आ चुके हैं और इस बात का डर लगातार बना रहा कि कहीं इजरायल और ईरान में सीधा युद्ध न शुरू हो जाये। स्वाभाविक ही शांति की यह संभावना न केवल मध्यपूर्व के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए राहत बन कर आयी है।

**डोनॉल्ड ट्रंप का इसमें निजी दिलचस्पी लेना भी खासा महत्वपूर्ण साबित हुआ है। उन्होंने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि उनके पद ग्रहण करने से पहले बंधक छोड़ दिए जाने चाहिए।**

**बाकी हैं सवाल :** हालांकि इस कथित सहमति को लेकर कई सारे सवाल बने हुए हैं। कहा जा रहा है कि अगर सहमति पर दोनों पक्ष कायम रहे और इस पर अमल शुरू हुआ, तो भी इस बात की गारंटी नहीं है कि इससे स्थायी शांति कायम हो ही जायेगी। पहले छह हफ्ते के युद्धविराम के दौरान जहां 33 बंधक छोड़े जाने हैं, वहीं स्थायी युद्धविराम की शर्तों पर बातचीत शुरू होनी है। आगे चल कर सारे बंधक छोड़े जाने की बात है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने जीवित हैं। युद्धविराम के बाद गाजा में शासन की क्या और कैसी व्यवस्था होगी, यह भी तय होना बाकी है।

**अवसर व्यर्थ न जाये :** बहरहाल, यह सहमति शांति के लिए एक अच्छा मौका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया की तमाम शांतिकामी शक्तियां इस मौके को जाया नहीं होने देंगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**हजारों वर्षों से चली आ रही कुंभ पर्व की इस सांस्कृतिक विरासत को हमारे देश के मनीषी चिंतकों, पुराणकारों ऋषि-मुनियों, दार्शनिकों, धर्माधिकारियों अथवा साधु-संतों ने लोकांचलों में निवास करने वाले पठित-अपठित साधारण जनों तक पहुंचाया है। इस पर्व भावना के पीछे जीवंत आस्था और निष्ठा भाव ही कार्यशील रहा है। भारत भूमि का यह खंड यदि पवित्र और महत्वपूर्ण है, तो इसलिए कि वह बाकी विश्व से जोड़ता है, इसलिए नहीं कि वह उसे दूसरों से अलग करके भूगोल की राष्ट्रीय सीमाओं में बांध देता है।**

# अनेकता में एकता का प्रतीक महाकुंभ

निरंकार सिंह

इस साल दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय समागम का महाकुंभ पर्वोत्सव उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य त्रिवेणी के संगम पर 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। अनेकता में एकता का जीता-जागता प्रतीक पर्व है कुंभ मेला। लोक-पर्व होकर यह मेला सहस्त्र वर्षों से जन-विश्वास का आधार बना रहा है। सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा यह महाकुंभ पर्व, भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणाओं का जीवन प्रतीक है। कुंभ पर्व, देश के समवेत सांस्कृतिक जीवन का व्यावहारिक उदाहरण है। इन्हीं पर्वों-मेलों ने हमारी भारतीयता (राष्ट्रीयता) को प्राणवान बनाए रखा है।

हजारों वर्षों से चली आ रही कुंभ पर्व की इस सांस्कृतिक विरासत को हमारे देश के मनीषी चिंतकों, पुराणकारों ऋषि-मुनियों, दार्शनिकों, धर्माधिकारियों अथवा साधु-संतों ने लोकांचलों में निवास करने वाले पठित-अपठित साधारण जनों तक पहुंचाया है। इस पर्व भावना के पीछे जीवंत आस्था और निष्ठा भाव ही कार्यशील रहा है।

**कुंभ पर्व, देश के समवेत सांस्कृतिक जीवन का व्यावहारिक उदाहरण है।**

भारत भूमि का यह खंड यदि पवित्र और महत्वपूर्ण है, तो इसलिए कि वह बाकी विश्व से जोड़ता है, इसलिए नहीं कि वह उसे दूसरों से अलग करके भूगोल की राष्ट्रीय सीमाओं में बांध देता है। विश्वासों की इन मर्यादाओं के परिवेश में ही एक मानव समूह की जीवन धारा, उसकी लय और लौ रूपायित होती है। यह उसकी सांस्कृतिक चेतना का मुख्य प्रेरणा स्त्रोत भी है। यह भावना भारत को या भारतीय सभ्यता को आधुनिक दुनिया के राष्ट्रों और राज्य-तंत्रों से अलग कर देती है। इसलिए हमारी संस्कृति सभ्यता को गुलामी के कालखंड से नष्ट करने की तमाम कोशिशों के बावजूद हम ज्यूं के त्यूं खड़े हुए हैं। कुंभ या महाकुंभ जैसे पर्वोत्सव मेलों से भी हमें यह शक्ति प्राप्त होती रही है।



**पवित्र कुंभ का रंग ही ऐसा होता है, जो हर तरह के पर्यटकों को अपनी ओर सहज ही आकर्षित करता है। जो लोग भारत दर्शन के लिए आना चाहते हैं, उन्हें पूरे भारत की विविधता एक जगह सिमटी हुई मिल जाती है और जो लोग आध्यात्मिक टूरिज्म पर आना चाहते हैं, उनके लिए तो इससे भव्य आयोजन कोई हो ही नहीं सकता।**

इस प्रकार शरीर रूपी घट में निहित अमृत तत्व की अनुभूति का विषय हो तो कुंभ-पर्व के रूप में अमृत पद प्राप्ति के लिए युग-युगों से भारतीय जन जीवन को आस्थाशील बनाए हुए है। कुंभ रूप इस लोक पर्व में भी 'मृत्यंमार्मूतं गमय' की कामना, मरणशील मानव के मन को उद्वेलित एवं प्रेरित करती रही है।

वहीं प्रेरणा, अनादि स्त्रोत सलिला सरिताओं के तट की ओर, भारतीय मन को सदा से आकर्षित करती रही है। निष्कर्ष रूप में कहें तो कह सकते हैं कि इन कुंभ पर्वों ने भौगोलिक ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक एकता बनाये रख कर राष्ट्रीय जीवन संदर्भों के प्रति जातीय अस्मिता को जागृत करने में अहम भूमिका निभायी है। जब कोई महाकुंभ पड़ता है, तब जन भावना, उमंगित हृदय और संकल्पित मस्तिष्क को लेकर कुंभ स्थलों की ओर उमड़ पड़ती है। हर आयु वर्ग एवं जाति-वर्ग के लोग, प्रदेशों की सीमाओं को लांघते हुए गरीब-अमीर के दायरों को तोड़ते हुए अनेक भाषा-बोलियों में शब्द-साधना करते हुए परम अमृत की कामना से अपने 'स्व' (सीमित) को 'पर' (परम) में समर्पित करने के लिए संकल्पशील दिखायी देते हैं।

सागर-सरिताओं के तट पर ऐसे आस्थाशील श्रद्धालुओं के गतिशील चरण, भारत भूमि के कण-कण को, रागात्मक संबंधों से जोड़ते हुए महाराग का वस्त्र बुनते रहे हैं। सरिताओं के तट पर विशाल जन समाज को देख कर ऐसा लगता है मानो नये भाव-विधान वाले ऐसे आस्थाशील लोगों का एक नया नगर ही बस गया हो। यह जन-आस्था निर्जन प्रदेश को भी जनाकूल बना देती है।

सालों साल प्रयाग के त्रिवेणी के तट पर कुंभ या अर्द्धकुंभ के बाद इस बार महाकुंभ का पावन अवसर आया है। जहां सैकड़ों झोपड़ियां, लाखों ध्वजा पताकाएं दिखायी देती हैं। यहां नाना वेशधारी साधु-संतों के संगठनों की अथवा नाना योगियों की जमातें अपनी परंपराओं को निभाने के लिए अपनी आन-बान-शान के साथ अपना नाम अस्तित्व प्रदर्शित कर रही हैं।

पवित्र कुंभ का रंग ही ऐसा होता है, जो हर तरह के पर्यटकों को अपनी ओर सहज ही आकर्षित करता है। जो लोग भारत दर्शन के लिए आना चाहते हैं, उन्हें पूरे भारत की विविधता एक जगह सिमटी हुई मिल जाती है और जो लोग आध्यात्मिक टूरिज्म पर आना चाहते हैं, उनके लिए तो इससे भव्य आयोजन कोई हो ही नहीं सकता।

चीनी यात्री ह्यू एन सांग (सन 629-45ई$) ने अपने यात्रा विवरणों में सम्राट हर्षवर्धन द्वारा प्रयाग के कुंभ-अर्द्धकुंभ पर्वों पर सर्वस्व दान करने का उल्लेख किया है। इसी प्रकार हरिद्वार में सम्पन्न होने वाले कुंभोत्सवों का भी अपना विशेष महत्व रहा है। अकबर बादशाह ने ऐसे ही अवसरों पर तीर्थ यात्रियों पर लगने वाला जजिया सन 1564 ई. में उठा लिया था, किंतु औरंगजेब ने हरिद्वार में पड़ने वाले कुंभ से पहले ही सन 1678-79 में जजिया फिर से लगा दिया था। इस बार के महाकुंभ को योगी आदित्यनाथ ने दिव्य भव्यता के साथ डिजिटल भी बना दिया है। आज सामाजिक-सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के माहौल में जातीय अस्मिता एवं राष्ट्रीय एकता के खतरों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सांस्कृतिक उत्सवों के समायोजन की बड़ी आवश्यकता अनुभव की जाती है।

## देश-विदेश/ ओड़िशा की खबरें

## दिल्ली चुनाव : भाजपा का संकल्प पत्र जारी

# महिलाओं को हर माह 2500 रुपये

**घरेलू गैस सिलेंडर पर 500 रुपये सब्सिडी, होली-दिवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने शुक्रवार को दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को 'विकसित दिल्ली की नींव' बताया। उन्होंने दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये, गरीब महिलाओं को सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी देने का वादा किया। होली-दीवाली पर एक-एक मुफ्त सिलेंडर देने का भी एलान किया। उन्होंने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये दिये जायेंगे और 6 पोषण किट भी दी जायेंगी। दिल्ली में बिजली, बस और पानी को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह जारी रहेंगी।



नड्डा ने बताया कि 60-70 साल के बुजुर्गों के मिलने वाली पेंशन 2000 से बढ़ा कर 2500 की जायेगी। विधवा, दिव्यांगों और 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 3000 रुपये पेंशन मिलेगी।

दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपये में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जायेगी।

उधर, अरविंद केजरीवाल ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि इसमें कानून-व्यवस्था सुधारने पर एक लाइन नहीं थी।

# डालमिया सीमेंट कारखाना में दुर्घटना, तीन मजदूर फंसे



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सुंदरगढ़ राजगांगपुर डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड फैक्ट्री में हुए हादसे को 22 घंटे हो गये हैं। अभी तक बचाव कार्य पूरा नहीं हो सका है। कोल हॉपर के नीचे फंसे तीन मजदूरों अविभी फंसे हुए हैं। उनके परिजन डरे हुए हैं। घटना के बाद डीआइजी पश्चिमांचल, सुंदरगढ़ एसपी, राजगांगपुर तहसीलदार ने घटनास्थल का दौरा किया और बचाव अभियान तेज करने का आदेश दिया। कंपनी के कई क्रेन, डंपर, 4 फायर गाड़ी, ओड्राफ दल बचाव अभियान में लगे हुए हैं, जबकि 6 एंबुलेंस अलर्ट पर हैं। गौरतलब है कि गुरुवार शाम करीब 6 बजे राजगांगपुर स्थित डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड फैक्ट्री के लाइन 2 प्लांट में कोल हॉपर स्ट्रक्चर अचानक ढह गया। मजदूरों का आरोप है कि फैक्ट्री मैनजमेंट की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने कई बार फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की ओर मैनजमेंट का ध्यान दिलाया। कोल हॉपर के निरीक्षण के लिए भी मैनजमेंट से निवेदन किया गया था, लेकिन उनकी इन बातों को नजरअंदाज किया गया।

# प्रो नेविल पिंटो किस लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अमेरिका के सिनसिनाटी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो नेविल जी पिंटो को आज किस परिसर के दौरे के दौरान प्रतिष्ठित किस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रो पिंटो ने सिनसिनाटी विश्वविद्यालय, किट और किस के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा करते हुए संस्थान और इसके संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त की। अपने संबोधन में प्रो पिंटो ने शिक्षा और आदिवासी सशक्तिकरण में डॉ सामंत के योगदान की सराहना की। डॉ सामंत ने घोर गरीबी और भूख से शुरुआत की और अब देखिए कि उन्होंने क्या हासिल किया है। हमेशा दूसरों के लिए अच्छा करने का उनका दर्शन वास्तव में प्रेरणादायक है। आप में से हर एक में डॉ सामंत द्वारा हासिल की गयी उपलब्धियों को हासिल करने की समान क्षमता है। ज्ञान आपको अच्छा करने की शक्ति प्रदान करता है और प्रो सामंत का समर्पण और जुनून सभी के लिए मार्गदर्शक प्रकाश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका विश्वविद्यालय किट और किस के साथ साझेदारी करेगा। उन्होंने कहा कि यह सुझाव किसी और ने नहीं, बल्कि अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने दिया था।




प्रो पिंटो ने उम्मीद जतायी कि इस साझेदारी से छात्रों और शिक्षकों को समान रूप से लाभ होगा, जिससे शोध, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए नए रास्ते खुलेंगे। 200 साल पुराने संस्थान के रूप में हम यह देखकर चकित हैं कि किट और किस ने केवल 27 वर्षों में क्या हासिल किया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि एक भारतीय मूल का शिक्षाविद 1819 में स्थापित सिनसिनाटी विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रहा है। जबकि किट और किस अपेक्षाकृत युवा हैं, केवल 30 वर्ष पुराने होने के बावजूद हमने किट और किस के बराबर की उपलब्धियां हासिल की हैं। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में हमारा जबरदस्त योगदान हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अवसर पर किस के कुलपति प्रोफेसर दीपक कुमार बेहेरा और अन्य लोग मौजूद थे।

# पूर्व तट रेलवे ने बीएसआरएम स्टील के सॉफ्ट बिलेट्स के लिए निर्यात मार्ग को सुगम बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) ने पहली बार क्योंझर जिले के नयागढ़ से नेपाल को सॉफ्ट बिलेट का निर्यात कर-के एक नया व्यापार मार्ग बनाया है, जिससे बीएसआरएम स्टील री-रोलिंग मिल्स के लिए इस नयी निर्यात पहल को सफलतापूर्वक सक्षम बनाया गया है। आज, क्योंझर जिले के नयागढ़ से नरम बिलेट से भरी पहली रैक, जो इस महत्वपूर्ण परिवहन लिंक की शुरुआत का प्रतीक है, का उद्देश्य प्रति माह तीन रैक का निर्यात करना है। यह विकास पूर्व तट रेलवे द्वारा एक व्यवसाय विकास पहल (बीडीयू) का हिस्सा है,



जिसे क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में माल की आवाजाही, विशेष रूप से स्टील उत्पादों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस नए उद्यम में रेलवे की रणनीतिक भूमिका रसद दक्षता को बढ़ाने और क्षेत्र से बढ़ती निर्यात मांगों को पूरा करने में रेल परिवहन के महत्व को उजागर करती है। इस निर्यात उद्यम को सुगम बनाने में रेलवे की भूमिका औद्योगिक विकास का समर्थन करने और सीमाओं के पार माल की आवाजाही को बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# वस्त्र मंत्रालय और निफ्ट ने ट्रेंड फोरकास्टिंग लांच किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) द्वारा शुरू की गयी एक नयी पहल VisioNxt प्रयोगशाला ने भारत और एशिया के फैशन और रिटेल बाजार के लिए क्रांतिकारी शोध और ट्रेंड insights प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल को वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार का समर्थन प्राप्त है।

VisioNxt ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और भावनात्मक बुद्धिमत्ता (एक) को जोड़ कर एक स्वदेशी फोरकास्टिंग सिस्टम विकसित किया है, जो विशेष रूप से भारतीय बाजार की अद्वितीय डाइनेमिक्स को ध्यान में रखता है। इसका मुख्य उद्देश्य भारत के फैशन परिदृश्य की विविधता और जटिलता को मानचित्रित करना है, ताकि व्यवसाय, डिजाइनर, ब्रांड्स, रिटेलर्स, कारीगरों और बुनकरों को भारतीय उपभोक्ता की बदलती जरूरतों का पूवार्नुमान लगाने और उनका जवाब देने में सक्षम बनाया जा सके।

5 सितंबर 2024 को भारत के वस्त्र मंत्री ने परिधि 24गुणा25 नामक पहले भारतीय विशिष्ट द्विभाषी फैशन ट्रेंड पुस्तक और एक वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पबित्रा मार्गेरिटा, राज्य मंत्री (विदेश मंत्रालय और वस्त्र); रचना शाह, सचिव, वस्त्र मंत्रालय; रोहित कंसरल, अतिरिक्त सचिव, वस्त्र मंत्रालय ने भी उपस्थिति दर्ज की। VisioNxt भारत को ट्रेंड फोरकास्टिंग में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करता है, भारतीय फैशन भाषा और पहचान की दृश्यता को बढ़ाता है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय ट्रेंड एजेंसियों पर निर्भरता को कम करता है। यह जानकारी शुक्रवार को को निफ्ट भुवनेश्वर परिसर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान साझा की गई। इस अवसर पर निफ्ट भुवनेश्वर के निदेशक राजेश कुमार झा ने फैशन फोरकास्टिंग पहल VisioNxt पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पहल, जो विशेष रूप से भारतीय बाजार और एशियाई उपमहाद्वीप के लिए डिजाइन की गयी है, बुनकरों, कारीगरों, निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं, डिजाइनरों, फैशन ब्रांड्स और अन्य हितधारकों के लिए बहुत लाभकारी हो सकती है। इसके अतिरिक्त डॉ गौतम बार, सीएसी और उषाशी रुद्र, सहायक प्रोफेसर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान निफ्ट भुवनेश्वर की फैशन फोरकास्टिंग पहल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।



# कल्याण गुरुकुल से प्रशिक्षण के बाद 21 छात्रों को मिली पुणे में नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** झगड़ाखाड स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 21छात्रों को शोभा लिमिटेड कम्पनी कंपनी बैगलोर मे नौकरी मुहैया करायी है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, प्राचार्य बृजकिशोर, मकरी पंचायत के पूर्व मुखिया अब्दुला अंसारी, शैलेंद्र यादव, शमशेर अंसारी ने नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वालो युवक जो कम पढ़े लिखें है, उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उनकी अर्थिक स्थिति भी अब पहले से बेहतर हुई है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से कम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृज किशोर ने बताया कि यह 46वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं, अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1386छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी कल्याण गुरुकुल से जुड़ने की अपील की और कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवक प्रशिक्षित होंगे, तो बेरोजगारी कम होगा। इस मौके पर एमआइएस प्रेम कुमार, ट्रेनर सिंटू कुमार, जनक राम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 233 लाभुकों को अनुदान राशि स्वीकृत

**उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की बैठक हुई**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पीड़ितों की राशि अनुदान स्वीकृति हेतु बैठक संपन्न किया गया। जिसमें अनुदान राशि स्वीकृति हेतु गठित समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिया। विभाग की ओर से चलाए जाने वाली कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों के लिए चिकित्सा अनुदान के लिए चिकित्सा सहायता योजना संचालित की गयी है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे के व्यक्तियों अथवा 72000 रुपये वार्षिक आय वाले उपरोक्त वर्णित वर्ग के व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान की राशि मुहैया कराई जाती है। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जातियों के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना मद में चिकित्सा अनुदान उपलब्ध कराने हेतु कुल 233 व्यक्तियों को स्वीकृति प्रदान की गयी। इसमें अनुसूचित जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 22 व्यक्तियों को, अनुसूचित जनजाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 47 व्यक्तियों को और पिछड़ी जाति मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 164 व्यक्तियों को चिकित्सा अनुदान राशि के भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, माननीय विधायक प्रतिनिधि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र, स्वास्थ्य विभाग के ओर से आये पदाधिकारीगण समेत अन्य संबंधित लोग उपस्थित थें।

# कन्या विवाह सोसाइटी में 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में कन्या विवाह और विकास सोसाइटी गढ़वा के तत्वाधान में बैठक की गयी। इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार को विकास सोसाइटी के द्वारा माला पहनाकर और बुके देकर सम्मानित किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने संबोधन में उन्होंने बाल विवाह दहेज प्रथा और भ्रूण हत्या के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या करना गैरकानूनी है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कन्या विवाह विकास सोसाइटी के द्वारा वैसे गरीब परिवार को चिन्हित कर सामूहिक विवाह के लिए अगर योग्य लाभुक आवेदन प्राप्त करते है तो तत्काल एक सप्ताह के अंदर सामूहिक विवाह करने के लिए स्वीकृति दे देंगे। भंडरिया थाना के सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि दहेज लेना और दहेज देना दोनों गैरकानूनी है। साथ ही बाल विवाह करना गैरकानूनी है। लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष होने चाहिए। उसके बाद ही शादी करना उचित है। नहीं तो बाल विवाह करने वाले माता-पिता को 5 साल कि सजा भी हो सकता है। लिंग परीक्षण के बाद अगर भ्रूण हत्या करने के बाद किसी ने थाना में माता के द्वारा शिकायत किया तो उसकी संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई करेंगे। अगर बाल विवाह का मामला थाने तक पहुंचती है तो उसके लिए बाल कल्याण समिति को सूचना के बाद जाच पड़ताल कर कार्रवाई करते हैं। उस पर 10 साल की सजा हो सकती है।

साथ ही कन्या विवाह समिति के सचिव आकाशदीप भारती ने कहा कि अनाथ और गरीब परिवार को 19 फरवरी 2025 को 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह गढ़वा में हो रहा है। जो गरीब और अनाथ परिवार के लोग इस सोसाइटी के माध्यम से सामूहिक विवाह करना चाहता है तो भाग लेने के लिए दूल्हा दुल्हन को दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो देना होगा। इस सामूहिक विवाह में दुल्हन को दी जाने वाली विदाई सामग्री सोफा कम बेड, पलंग, गोदरेज अलमारी, बेडशीट, दो तकिया, रजाई, कंबल और बर्तन में ड्रम सेट स्टील बर्तन, गैस चूल्हा, छोटा सिलेंडर, बर्नल पाइप , कुकर, आयरन , दूल्हे के लिए शेरवानी, दुल्हन के लिए लहंगा, चुनरी, सिंगार सेट, सैंडलदूल्हा के लिए जूता और चुनरी विदाई के समय सामान देकर सोसाइटी के माध्यम से विदाई की जाती है। इस शिक्षा विभाग से रविशंकर कुमार ने भी सबधित किया इस मौके पर उपस्थित भंडरिया प्रमुख रुक्मिणी देवी उप प्रमुख श्रद्धा देवी भंडारिया सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह कन्या विवाह समिति के कोषाध्यक्ष उषा कुमारी काफी सख्या ग्रामीण उपलध थे।

# सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रशिक्षकों के द्वारा जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) को लागू करने संबंधी प्रखंड के सभी गांवों से महिला पुरुषों को पंचायत की समग्र विकास के लिए सहभागी बनकर सरकार द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए ग्राम पंचायत सहजकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी गयी। मौके पर जेएसएलपीएस के सत्येंद्र कुमार, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी दिनेश कुमार, पंचायत सहायक अमरेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 सीजन-3 के ओपनिंग मैच

## वार्ड एक की टीम ने वार्ड नौ की टीम को 95 रन से पराजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडा।** मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 सीजन-3 का मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा नरेंद्र नारायण तथा विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी डंडा अमित रंजन के द्वारा फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया गया। क्रिकेट कमिटी के सदस्यो के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा तथा थाना प्रभारी डंडा को शॉल देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात ओपनिंग मैच के वार्ड 01 और वार्ड 09के खिलाड़ियों से मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा परीचय प्राप्त किया गया और राष्ट्र गान के बाद खेल शुरू किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहां की खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए उन्होंने कहां की हर खिलाडी को टीम के लिए खेलना चाहिए जिससे टीम विजयी होती हैं और टीम की सफलता होती है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से खेलना चाहिए। मौके पर मुखिया वीरेंद्र चौधरी ने कहां की वन भूमि पर खेल मैदान के लिए सामुदायिक पट्टा के लिए ग्राम सभा से पारित कर आवेदन समर्पित किया गया है। इस पर पहल कर सामुदायिक पट्टा दिलाई जाय ताकि पंचायत के युवाओ को खेल के साथ साथ दौड़ प्रतियोगिता की तैयारी पंचायत के युवा कर सकें। विदित हो की ओपनिंग मैच के दोनों टीम के बिच टॉस कराई गयी जिस में वार्ड 9की टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। वार्ड 01की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12ओवर के समाप्ति पर 3विकेट खो कर कुल 173रन बनाया, वार्ड 01की बल्लेबाज रुपेश चौधरी ने 40बॉल मे 75रन बनाकर नोट आउट रहें, वही वार्ड 09की टीम 174रन की पीछा करते हुए तेज शुरआत की, लेकिन खराब शॉर्ट खेलते हुए लगातार विकेट खोते चले गये और 11ओवर मे 10विकेट खोकर कुल 78रन पर पूरी टीम सिमट गयी। ग्राम पंचायत भिखही के मुखिया सह क्रिकेट कमिटी के संरक्षक वीरेंद्र चौधरी और कमिटी के पदाधिकारीयों के द्वारा रुपेश चौधरी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा श्री नरेन्द्र नारायण, थाना प्रभारी अमित रंजन, एसआई कांत, मुखिया वीरेंद्र चौधरी, ललन चौधरी, रमेश चौधरी, अर्जुन चौधरी, बाबुचंद चौधरी, केदार चौधरी, प्रदीप चौधरी, विनय चौधरी, अनीता देवी, गिरजा कुंवर, सोना कुंवर, सुनीता देवी, अमरेश चौधरी, मनोज चौधरी, सत्यदेव साह, अनिल ठाकुर, शिवशक्ति चौधरी, राजा चौधरी, हरिहर ठाकुर, गोविन्द चौधरी, अखलेश चौधरी, अरुण चौधरी, कामेश्वर चौधरी, हरिहर ठाकुर, यमुना चौधरी, बिहारी चौधरी सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय नाई महासभा का मिलन समारोह सह चिंतन शिविर आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय नाई महासभा गढ़वा जिला इकाई का नव वर्ष मिलन समारोह सह समाजिक चिंतन शिविर का आयोजन 18 जनवरी को 10 बजे दिन में स्टेशन रोड स्थित रामलाला मंदिर परिसर में किया जायेगा। जानकारी देते हुए महासभा के गढ़वा जिला अध्यक्ष दशरथ ठाकुर, महासचिव, सतीश ठाकुर, कोषाध्यक्ष सह संगठन मंत्री, दिनेश कुमार ठाकुर, सचिव, इंद्रजीत ठाकुर, श्यामसुंदर ठाकुर, नरेंद्र कुमार ठाकुर आदि ने अपने सभी स्वजातीय बंधुओं कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।

# बेंगलुरु के एडीजीपी सीमांत कुमार सिंह अपनी पत्नी के साथ बालिका उच्च विद्यालय पहुंचे




आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** बेंगलुरु के पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) सीमांत कुमार सिंह और उनकी पत्नी पूनम सिंह ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी छात्राओं से मिलकर उन्हें मिठाई खिलाई और उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। यह दौरा खास था क्योंकि पूनम सिंह की शिक्षा इसी स्कूल से हुई थी। स्कूल के पुराने और नये वाहनों का निरीक्षण करते हुए पुलिस महानिदेशक ने स्कूल के हेड मास्टर नीरज प्रसाद को स्वर्गीय बैजनाथ सिंह उर्फ बैजू सिंह का फोटो स्कूल में लगाने का आग्रह किया।

इसके बाद उन्होंने नवम और दशम कक्षा की छात्राओं से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और सभी को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। इस दौरान कई छात्राओं ने डॉक्टर आइएएस और आइपीएस अफसर बनने की इच्छा जताई। इसके बाद पुलिस महानिदेशक और उनकी पत्नी ने स्कूल के शिक्षकों के साथ फोटो भी खिंचवा। इसका अवसर पर पुलिस इंस्पेक्टर सुनील तिवारी, शमीम अंसारी, हेड मास्टर नीरज प्रसाद सहित कई शिक्षक और छात्राएं मौजूद थी।

# विकास पदाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने प्रखंड मुख्यालय अंर्तगत आदिम जनजाति बाहुल्य ग्राम सारो और पातो के गरीब असहाय और जरूरतमंद लोगों के के बीच ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं, अंत्योदय योजना से संबंधित विशेष जानकारी दिया। मौके प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार, पंचायत सेवक जगदीश राम एवं सारो के दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# गढ़वा के खिलाड़ी आमीर ने रचा इतिहास

**नेशनल गेम्स के लिए किया क्वालीफाई, झारखंड के पहले खिलाड़ी बने आमीर**

**साइकिलिंग के खिलाड़ी ने खेल के क्षेत्र में फिर बढ़ाया जिला और राज्य का मान**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा चेन्नई में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप 2024 में आमिर रियाज ने कांस्य पदक जीत कर तृतीया स्थान प्राप्त किया था। और कुच्छ दिन पहले ही नई दिल्ली में 44 वी सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन 7 और 8 जनवरी 2025 को आइजी वेलोड्रम साइकलिंग स्टेडियम न्यू दिल्ली में आयोजित की गयी थी। उसमें भी आमिर ने शैंल्लि शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह भारतीय टीम में सुरक्षित किया है । इतने कम समय में दो-दो उपलब्धियां हासिल करके आमिर बता दीया है कि गढ़वा जिले के खिलाडी किसी से कम नहीं है। बंशीधर नगर के मिलेनियम पब्लिक स्कूल के छात्र रहे आमिर को उनके प्रारंभिक गुरू राम प्रवेश तिवारी ने साइकिलिंग खेल के लिये प्रेरित किया था। विदित हो कि गढ़वा के निवासी शैलेंद्र कुमार पाठक झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव हैं। उन्होंने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आमिर ने झारखंड के लिये इतिहास रचने का काम किया है, क्यूंकि अगर हम 34वीं राष्ट्रीय खेल रांची झारखंड को छोड़ दें तो उसके बाद नेशनल गेम्स में क्वालीफाई करने वाले आमिर पहले साइकिलिंग खिलाडी बन गये हैं, उत्तराखंड में 28 जनवरी से 12 फरवरी तक आयोजित नेशनल गेम्स में उनसे हमें पदक कि उम्मीद है। आमीर के चयन शे पुरा जिले में खुशी व्याप्त है उनके चयन होने पर, पूर्व खेल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर। उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त गढ़वा पशुपतिनाथ मिश्रा पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडे, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक ,झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह और जिला साइकिलिंग संघ गढ़वा के अनिल पाण्डेय, अरविंद दुबे, ओम प्रकाश गुप्ता, के साथ ही गढ़वा जिला ओलिंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, महासचिव अलोक मिश्रा, अरविंद कुमार, ओमप्रकाश तिवारी, जगन्नाथ राम, धर्मेंद्र पाल, सत्येंद्र प्रसाद यादव, उपेंद्र राम, सुशील तिवारी, अजय कांत, रामशंकर सिंह, प्रभात रंजन तिवारी, चंद्र बहादुर सिंह, प्रीतम गौड़, किशोर कुणाल, विजय कुमार केसर, प्रोफेसर उमेश सहाय, कमलेश कुमार गुप्ता, मनीष केसरी, जुल्फेकार अंसारी, पंकज केसरी, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, ओलिंपिक संघ के संरक्षक अमृत शुक्ला, अनीता दत्त, रेखा चौबे, राकेश पाल, मिलननियम पब्लिक स्कूल के निदेशक मुमताज राही इत्यादि ने बधाई दीये है ।

# पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन की तैयारी को लेकर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा/गढ़वा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में दिनांक 17 जनवरी दिन शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार के अध्यक्षता में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस झंडोत्तोलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसहमति से सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय में समय सुबह 8:15 बजे, थाना परिसर में 8:45 बजे, राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय 9:10 बजे, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र में 9:35 बजे, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में 9:50 बजे, राजकीय मध्य विद्यालय( अपग्रेटेड हाई स्कूल) में 10:05 बजे, बीआरसी विशुनपुरा और प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरी कला में 10:20 बजे, सभी पंचायत भवन एवं सभी सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में 10:30 बजे निर्धारित किया गया।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार, थाना प्रभारी राहुल सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार, सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता, ग्रामीण बैंक मैनेजर पंचम कुमार, अंचल निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र से पुष्कर गुप्ता, बीपीओ डिंपल गुप्ता, प्रभारी प्रधान अंचल सहायक अमल सिंह, सत्यम सिंह, जेएसएलपीएस से नागेंद्र पाल, रोजगार सेवक चंद्रकांत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 18 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
08

# दो लाख का इनामी पीएलएफआइ उग्रवादी कृष्णा यादव गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में सड़क निर्माण में लगे एक मुंशी की हत्या करने वाला दो लाख का इनामी पीएलएफआइ उग्रवादी कृष्णा यादव को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। कई जिलों के आतंक का पर्याय बने पीएलएफआइ उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी की गिरफ्तारी को लेकर खलारी पिपरवार और मैकलुस्कीगंज सहित कई जिलों की पुलिस काफी प्रयासरत थी, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग रहा था, लेकिन 15 जनवरी को रांची एसएसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कृष्णा यादव को हथियार के साथ धर दबोचा। रांची में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसएसपी ने बताया कि 15 जनवरी को पुलिस उप महानिरीक्षक सह रांची एसएसपी को गुप्त सूचना मिली कि पीएलएफआइ के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमिटि के दो लाख के इनामी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी अपने दस्ते के साथ कुडू थाना अंतर्गत गुडगुड़गढ़ा धोबीघाट गया है। इसके बाद सूचना के आधार पर पुलिस टीम उस जगह पर छापेमारी




के लिए गयी, लेकिन कुछ देर बाद ही कृष्णा यादव वहां से जा चुका था। पुलिस को सूचना मिली कि अपने दस्ते के साथ कृष्णा यादव मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हरहु बसरिया जाने वाले कच्ची सड़क पर जंगल में दो अन्य दस्ते सदस्यों के साथ छुपा हुआ है और किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा है। इसके बाद रांची एसएसपी के निर्देश पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छपेमारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त जंगल की घेराबंदी कर भागने के क्रम में प्रतिबंधित पीएलएफआइ के जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमिटि सदस्य कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी को अवैध हथियार, गोली और मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। वहीं उसकी निशानदेही पर नकटा पहाड़ क्षेत्र के अम्बाटॉड जंगल में क्षतिग्रस्त मकान में काला रंग के बैग में छिपा कर रखा हुआ, एक कारबाइन और छह जिंदा गोली और एक कंबल बरामद किया गया। पुलिस के द्वारा कृष्णा यादव से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह पीएलएफआइ संगठन से वर्ष 2014 से जुड़ा हुआ है और वर्तमान में जोनल कमांडर सह झारखंड स्टेट कमिटि का सदस्य है पुलिस के अनुसार कृष्णा यादव जमीन कारोबारीक्रशर मालिक, ईंट भठा मालिक और विकास कार्य मे लगे ठेकेदारों से रंगदारी मांगता था और नहीं मिलने पर आगजनी और तोड़फोड़ एवं फायरिंग की घटना को अंजाम देता था। वहीं पुलिस को बताये गये जगहों पर छपेमारी अभियान चलाने के दौरान जंगल में कृष्णा यादव पुलिस को धक्का देकर रस्सा छुड़ाकर भागने के क्रम में वह पथरीली गढ्ढे में गिर गया। जिसके कारण कृष्णा यादव चोटिल हो गया और घायल हो गया। पुलिस ने पकड़कर इलाज के लिए उसे रिम्स में भर्ती कराया है, जहां पुलिस की निगरानी में इलाज किया जा रहा है।

**51 कांडों में वंचित है अभियुक्त था कृष्णा यादव**

खलारी, पिपरवार, मैकलुस्कीगंज सहित विभिन्न जिलों के 51 कांडों में वांछित अभियुक्त था कृष्णा यादव। काफी लंबे समय से पुलिस को इसकी तलाश थी। एक बार बालूमाथ पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कृष्णा यादव बालूमाथ थाना से भाग गया था। कृष्णा यादव की गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है। छपेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी कृष्णा यादव की गिरफ्तारी को लेकर छपेमारी अभियान में खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार,चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, एसआइ दीपक कुमार साव सहित सशत्र बल के जवान शामिल थे।

## जिप सदस्य सरस्वती देवी ने मायापुर के कनौदिया पुल निर्माण का किया निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने प्रखंड के मायापुर पंचायत में पुल निर्माण का निरीक्षण किया। यह पुल मायापुर पंचायत के लालपुर स्थित कनौदिया नदी पर डीएमएफटी फंड से बनाया जा रहा है। सरस्वती देवी ने बताया इस पुल के निर्माण के लिए उन्होंने काफी प्रयास किया है। बरसात में यहां के ग्रामीणों को आवागमन में बहुत परेशानी होती थी। जिप सदस्य ने पुल निर्माण का निरीक्षण किया ताकि निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं हो। उन्होंने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को हिदायत भी दिया कि हर हाल में तय मानदंड के अनुसार कार्य करें। सरस्वती देवी ने उनके क्षेत्र में डीएमएफटी मद से जितने भी कार्य चल रहे है, उसके निर्माण करने वाले एजेंसी से कहा है कि निर्माण में निर्धारित मानदंडों का ध्यान रखें। कहा कि वे समय समय पर डीएमएफटी के अन्य कार्यों का भी निरीक्षण करेंगी। कहीं भी गड़बड़ी मिली तो कार्यपालक अभियंता सहित उप विकास आयुक्त तथा उपायुक्त को सूचित करेंगी।

## बुकबुका पंचायत के महावीर नगर में जरूरतमंदों के बीच बांटा गया कंबल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बुकबुका पंचायत महावीरनगर में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिप सदस्य सरस्वती देवी के प्रयास से उपलब्ध कराये गये कंबल को भाजपा नेता अरविन्द सिंह सहित अन्य लोगों ने जरूरतमंद विधवा और वृद्ध लोगों को दिया। पंचायत के अमृत नगर, कमाती धौड़ा, पहाड़ी मंदिर पश्चिम साइड के लोग, डहु कोचा, महावीर नगर नीचे धौड़ा के 45 जरूरतमंदों को कंबल दिया गया। इस मौके पर शत्रुंजय सिंह, भरत प्रजापति, निरंजन केशरी, दिलीप मेहता, उमेश कशरी, संतोष मेहता गुड्डू, दयानंद गुप्ता, छोटू आदि उपस्थित थे।

## पांडूपुड़िंग में डूब कर मरे युवक के पिता ने चार दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के प्रसिद्ध पांडूपुड़िंग जलप्रपात में पिकनिक मनाने के दौरान जलप्रपात में डूबकर मरे विकास कुमार सिंह के पिता तुलसी सिंह ने पुलिस अधीक्षक और तपकारा के थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि विकास सिंह के दोस्तों ने ही उसे पानी में डूबाकर मार डाला। एसपी को दिये अवेदन में लातेहार जिले के कसियाडीह, हेरहंज निवासी तुलसी सिंह ने कहा कि उनका पुत्र विकास कुमार सिंह रांची में रहकर झारखंड एक्सप्रेस नामक कूरियर कंपनी में काम करता था। गत 22 दिसंबर को वह अपने दस दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने पांडूपुड़िंग आया था। उसी दिन शाम को तुलसी सिंह के मोबाइल पर फोन आया कि पिकनिक मनाने के दौरान विकास सिंह लापता हो गया। दूसरे दिन उसका शव जलप्रपात से बरामद हुआ। तुलसी सिंह ने आरोप लगाया है कि विकास के साथ पिकनिक मनाने आये रवींद्र मुखर्जी, यशवंत सिंह, डब्लू सिंह और नितेश कुमार ने उसे पानी में डूबाकर मार दिया। तुलसी सिंह ने अनुरोध किया है कि चारों अभियुक्तों के खिलाफ नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज कर उनके खिलाफ कानूनी कारवाई की जाये और चारों को अविलंब गिरफ्तार किया जाये।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए गणेश स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ियों का हुआ चयन




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के 15 एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित गणेश स्पोर्टिंग क्लब के सभी एथलेटिक्स खिलाड़ी शुक्रवार को एथलेटिक्स कोच गणेश कुमार महतो के नेतृत्व में राय से लोहरदगा के लिए रवाना हुआ। इस संबंध में एथलेटिक्स कोच सह गणेश स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक गणेश कुमार महतो ने बताया कि लोहरदगा एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा 67वीं झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के 15 एथलेटिक्स खिलाड़ियो का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि 67 वीं झारखंड राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता का आयोजन 17 जनवरी से 19 जनवरी तक ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा मे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चयनित सभी खिलाड़ी काफी प्रतिभावान है और उम्मीद है कि इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्लब और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता मे शामिल होने वाले गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियो मे वर्षा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी,स्नेहा कुमारी, अनन्या कुमारी,मनीषा कुमारी, छोटू उरांव टोप्पो, आयुष कुमार, शिवम कुमार, जयवीर कुमार, प्रभाकर मुंडा, संजय उरांव, रीतिक लोहरा, सुमित कुमार, कुलदीप कुमार, सुमित लोहरा का नाम शामिल है।

## भारत माता मंदिर संवर्धन समिति की बैठक, अनावरण समारोह 21 को



**बुंड (आजाद सिपाही)।** भारत माता मंदिर संवर्धन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बुंडू में अरूण जैन के आवास में हुई, जिसमें भारत माता पूजनोत्सव सह अनावरण समारोह 21 और 22 जनवरी को होने को लेकर जिम्मेदारी दी गयी। जिसमें 21 को भव्य शोभायात्रा और भारत माता स्थापना पूजनोपचार बुंडू मे होगी। 22 को भारत माता चौक में हवन और अनावरण समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा होंगे। बाजा प्रसाद झंडा आदि का जिम्मेदारी दी गयी। विश्व हिन्दू परिषद आरएसएस के कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में मांस मछली की दुकान को बंद करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमोद कुमार, अरुण कुमार, जैन राम, दुर्लभ सिंह मुंडा, रोशन महतो, जीतु कुमार, ललित नारायण साहू, अंकित जैन, राजीव लोचन महतो, मोहित मुखर्जी, मनोज चौरसिया,। अमीत उपाध्याय, राज कुमार महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## जनता मजदूर संघ एनके एरिया ने की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में शुक्रवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेन प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह मौजूद थे। बैठक के दौरान संघ की वर्ष 2024 की सदस्यता कटौती की परियोजना वार ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं जानकारी दी गयी कि इस वर्ष भी जनता मजदूर संघ एनके एरिया की सबसे बड़ी यूनियन बन कर उभरी है। कुल 585 सदस्यों की कटौती चेकअप सिस्टम के तहत हुआ है। साथ ही बैठक में क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं को लेकर परियोजना स्तर पर आंदोलनात्मक कार्यक्रम तय किया गया जो आगामी फरवरी माह में किया जायेगा। इसके बाद क्षेत्रीय मुख्यालय पर भी धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम तय किया गया। जिसकी तिथि की घोषणा जल्द किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों को सदस्यता कटौती में क्षेत्र में प्रथम स्थान आने के लिए बधाई दी। साथ हीं कुछ परियोजना और क्षेत्रीय कमिटी का पुर्नगठन करने का भी निर्देश दिया। बैठक का संचालन क्षेत्रीय सचिव डीपी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन बूटन चैहान ने दिया। इस अवसर पर अमिताभ चैहान, सेतु बांध सिंह, राजाराम सिंह, तपेश्वर यादव, नबी मियां, बिरजू लोहार, रविंद्र उरांव, नागेश्वर दुसाध, बिरेन पासवान, आनंद पांडेय, चंदन कुमार, अर्जुन ठाकुर, कन्हाई गंझू, टेक्लासल यादव, कंचन महतो, सुधीर चैहान, शंकर चैहान, राजू शर्मा, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## बुंडू थाना क्षेत्र के लालू मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**बुंड (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के लालू मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलाडीह निवासी मगरू प्रजापति उम्र 30 वर्ष अपने पुत्र आयुष प्रजापति उम्र 10 वर्ष के साथ मेला देखने के लिए बुंडू आ रहा थे। लालू मोड़ के पास मोटरसाइकिल एनएच में पार करते वक्त अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दोनों पिता पुत्र घायल हो गये। लोगों की सहायता से पिता पुत्र को बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजा गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष प्रजापति का स्थिति नाजुक बनी हुई है

## आजसू पार्टी के अध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को आजसू पार्टी के बुंडू नगर अध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी शुभम कुमार उर्फ गोलू ने आजसू के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो को आवेदन देते हुए अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने व्यक्तिगत करणो सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं।

## पुलिस ने क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ भूमि पर लगी अफीम की खेती को नष्ट किया

**बुंड (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शुक्रवार को बुंडू थाना क्षेत्र के आराडीह स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, प्रेम प्रदीप कुमार, राहुल कुमार मेहता, अनिल कुमार, मोहली सिरिल संगा के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

## ग्रामीणों ने पोस्ते की खेती को किया नष्ट



**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेहराबेड़ा गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर जंगल के बीच पांच एकड़ से अधिक जमीन में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया है। राहे पुलिस थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में लगातार गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को नशीली पदार्थ का खेती और सेवन से होने वाले बुराइयों की जानकारी लोगों के बीच दिए हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बेहराबेड़ा गांव में ग्रामीणों के साथ राहे पुलिस ने बैठक कर अफीम से होने वाले नुकसान की जानकारी लोगों को दिया। पुलिस के सक्रिय भूमिका से प्रभावित होकर ग्रामीण एकजुट होकर जंगल में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया है। ग्रामीणों ने अपील किया है कि जिसने भी चोरी छुपे खेती कर रहे हुए समय रहते नष्ट करें नहीं तो ग्राम सभा में उन्हें दंडित करने का काम करेगा। पुलिस के पहल और ग्रामीणों के जागरूकता से एक गांव से पोस्ते की खेती को पूर्ण रूप से नष्ट किया गया है।

## हाइतिरुल में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में विधायक सविता महतो हुईं शामिल



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** कुकड़ू प्रखंड के सपादा में आयोजित प्राचीन राम मेला और नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के गौरडीह पीठा छाका मेला में शुक्रवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने मेले में पहुंचे मेला प्रेमी को टुसू पर्व की शुभकामना दिये। इस दौरान विधायक ने अपने संबोधन में कहा इस ऐतीहासिक सपादा राम मेला में संस्कृतिक झलक जैसे टुसु,चौड़ल आदि देखने को मिलता है। उन्होंने कहा इस ऐतीहासिक मेले में मेरे पति स्वर्गीय सुधीर महतो भी शामिल होते थे, और मुझे भी इस मेले में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मालूम हो की पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान रामचंद्र वनवास के समय इस तट पर विश्राम किये थे। इसी मान्यता को लेकर वर्षों से मकर संक्रांति के अवसर पर राम मेला का आयोजन होता है। वही विधायक हाईतिरुल में आयोजित एक दिवस फूटवॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, नव किशोर हांसदा, कित्तीवास महतो, जगनाथ महतो, झूलन कुम्हार, युधिष्ठिर मांझी, सुर्यकांत महतो, शंकर सिंह सरदार, हरेकृष्ण सिंह सरदार आदि झामुमो कार्यकर्ता व मेला प्रेमी उपस्थित थे।

# पुलिस ने बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में कुल 55 एकड़ अफीम की खेती को नष्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** पुलिस ने शुक्रवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 55 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। शुक्रवार को बुंडू थाना क्षेत्र के अरार्डीह स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ भूमि पर दशम फॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत कुचीडीह स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 4 एकड़ भूमि पर तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरी, टिम्पुर, दिउड़ी और गुटीबारू



स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 38 एकड़ भूमि और सोनाहातु थाना क्षेत्र अंतर्गत कुड़ीयामु स्थित जंगली क्षेत्र में लगभग 3 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट किया। साथ लोगों को जागरुक भी किया गया, इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, प्रेम प्रदीप कुमार, अनिल कुमार मोहली, राकेश कुमार, अजय प्रताप, सुधीर यादव, जयराम सिंह के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

## हाथियों ने घर तोड़ कर खाया धान



**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सीसीटांड़ गांव के दिलीप महली के घर के छप्पर ओर एस्बेस्टस को तोड़ कर हाथियों के झुंड ने मन भर धान को खाया है। घटना गुरुवार रात की है। हाथियों के झुंड बांस वन से निकल कर सीसीटांड़ गांव पहुंचे और दिलिप महली के घर में रखे 50 क्विंटल धान को मन भर खाया है। धान खाने के बाद हाथियों का झुंड सुमानडीह गांव के किसान सुरेश अहीर के खेत में लगे लौकी ओर आलू को नष्ट कर दिया है। हाथियों के झुंड लगातार राहे आसपास के गांव में उत्पात मचा रखा है। ग्रामीणों ने हाथियों को भागने के मांग किया है।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राहे-सिल्ली सड़क के कोटांगदाग मिडिल स्कूल के सामने बाइक से गिरने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। सड़क से गुजर रहे भाजपा के वरीय नेता जैलेंद्र कुमार के प्रयास से एंबुलेंस मंगवा कर इलाज के लिए बुंडू रेफरल अस्पताल भेजा गया। स्थिति बिगड़ते देख तीनों को बेहतर ईलाज के लिए रांची रेफर किया गया। घटना के संबध में ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार शाम पांच बजे के आसपास टीवीएस आपाची बाइक से एक किशोर एक महिला ओर एक पुरुष सिल्ली की ओर से आ रहे थे। कोटांगदाग स्कूल के समीप अचानक एक गाय दौड़ कर बाइक के सामने आ गयी, जिससे बाइक का टक्कर गाय से हो गया और तीनों सवार गिर गये। इसी सड़क से भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार गुजर रहे थे। दुर्घटना देखकर तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था करवाये। ग्रामीणों के अनुसार तीनों सोनाहातू थाना क्षेत्र के तेतला पंचायत के बढ़ाईटांड़ गांव के पंकज महतो, प्रियांशु कुमार और ममता देवी हैं। घटना की सूचना पर तत्काल राहे पुलिस घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस में घायलों को सवार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## निलगिरी मेला में टुसू लेकर नाचते गाते पहुंचे ग्रामीण



**मुरी (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को सिल्ली प्रखंड के पतराहातु में नीलगिरी पहाड़ पर भव्य टुसू मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक अमित महतो, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, जिप सदस्य लक्ष्मी देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना देवी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। आसपास के ग्रामीण टुसू लेकर पारंपरिक रीति रिवाज से नाचते गाते नीलगिरी मेला परिसर में पहुंचे जहां विधायक अमित महतो ने टुसू लेकर आने वाले लोगों को पुरस्कृत किया। इसके साथ ही नववर्ष और मकर संक्रांति की सभी को विधायक ने शुभकामनाएं दी। मेला परिसर में बच्चों के लिए कई प्रकार के स्टाल लगाये गये थे। मेला में कई बच्चे अपने परिजनों से बिछड़ते हुए नजर आये, लेकिन मेला कमेटी ने सकुशल बच्चों को परिजनों से मिलवाया। लोगों ने नीलगिरी पहाड़ पर चढ़ने का आनंद भी लिया। यहां पर कई मंदिरों की लोगों ने दर्शन भी किया।

## वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र नाथ महतो का आकस्मिक निधन, चांडिल में शोकसभा का आयोजन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला न्यायलय सरायकेला और चांडिल अनुमंडलीय न्यायलय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र नाथ महतो, उम्र-75 वर्ष का आकस्मिक निधन शुक्रवार को अहले सुबह 5 बजे हो गया। वो मूल रुप से ग्राम-भुरकुली, सरायकेला प्रखंड के रहने वाले थे। वही शुक्रवार को चांडिल अनुमंडलीय बार एसोशियन के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में अधिवक्ताओं के द्वारा एक मिनट के मौन धारण कर दिवंगत अधिवक्ता का आत्मा शांति प्रदान करने हेतु प्राथना किया गया। मौके पर शोक सभा में अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास,अधिवक्ता बद्री प्रसाद साहू, अजित प्रसाद साहू, संजय प्रसाद साहू, मृत्युंजय महतो, महेंद्र कुमार महतो, शिवेश्वर महतो, असीम गोप, कमलेश कुमार सिंह सहित कोई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## त्रिदिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण शुभारंभ



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में गुरुवार से ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्त्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी एकता वर्मा और राज्य प्रशिक्षक रंजीत आचार्य और वार्ड सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थी को कहा कि सभी पंचायत क्षेत्र के लोगों का समुचित विकास के लिए सबकी योजना, सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना में योजना का चयन किया जाये,योजनाओं का चयन करते समय सतत विकास के नौ स्थानीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए करना है। इस प्रशिक्षण को रंजीत कुमार आचार्य, जयदीप दास, त्रिलोकी साहू, रविंद्र महतो, सुभाष चंद्र महतो द्वारा दिया जा रहा है।

## बुजुर्ग लोगों के बीच कंबल का वितरण



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रदीप वर्मा फाउंडेशन की ओर से आम जनमानस को ठंड से बचाव हेतु ईचागढ़ विधानसभा के ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत बड़ा चुनचुड़िया स्कूल परिसर में सैकड़ों बुजुर्गो,असहाय और निर्धन महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। वहीं फाउंडेशन के सदस्य मनोहर दास ने बताया कि क्षेत्र में ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया जा रहा है। प्रदीप वर्मा फाउंडेशन लगातार गरीब लोगों के मदद के लिए आगे आकर कार्य करता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष फटीक गोराई, मुखिया राम सिंह मुंडा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति प्रतिनिधि अनिल सिन्हा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिशिर प्रामाणिक,महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती टुसू महतो, ग्राम प्रधान गुरुपदों सिंह मुंडा फाउंडेशन के सदस्य मनोहर दास और मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### 36वां भगत टुसू मेला सह बालिका फुटबॉल का आयोजन, मेला में उमड़ी लोगों की भीड़

# मेला हमारी लोक संस्कृति की पहचान व विरासत की धरोहर है: आदित्य साहू

## मेले में आकर लोग अपनी पंरपरा और संस्कृति से रूबरू होते हैं : जैलेंद्र कुमार





बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ राज्यसभा सांसद आदित्या साहू और जैलेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** मकर संक्रांति के अवसर पर साल्हन गांव स्थित स्वर्णरेखा नदी तट पर लगने वाले प्रसिद्ध 36वां भगत टुसू मेला शुक्रवार को संपन्न हुआ। मेला में आसपास व दूरदराज से हजारों लोग पहुंचे थे। जबकि मेला में आसपास के दर्जनों गांवों की महिलाएं-युवतियां आकर्षक टुसू के साथ नाचते-गाते पहुंची। मेला में कृष्णा भगत की की ओर से निकाली गई झांकी आकर्षक का केंद्र रही। इस अवसर पर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने बेहतर प्रर्दशन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं शाम को नागपुरी गीत, संगीत व नृत्य का रंगारंग आयोजन हुआ। जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत गाकर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। दूसरी ओर, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के अलावा पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जैलेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह भोगता, रोशनलाल मुंडा, रामसाय मुंडा, डॉ दिनेश कुमार, नरेश साहू, आतिश महतो, बसंती कुमारी, शिवलाल महतो, रामपोदो महतो, ज्योतिष महतो, राजू प्रमाणिक, रामनाथ महतो, कविता देवी आदि भी शामिल हुए। म्इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि मेला ना सिर्फ हमारी लोक संस्कृति की पहचान है, बल्कि यह हमारे बिरासत की धरोहर है जिसे अक्षुण बनाये रखने की जरूरत है। मेला में उमड़ी भीड़ दर्शाती है कि लोग अपनी परंपरा और संस्कृति के प्रति कितने सजग और जागरूक हैं। वहीं, रामकुमार पहान ने कहा कि मेला संस्कृति समाजिक समरस्ता को बढ़ावा देती है। यह हमे एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने का संदेश देती है। वहीं, जैलेंद्र कुमार ने कहा कि मेला सांस्कृतिक व सामाजिक समरस्ता को बढ़ावा देती है। मेला में आकर लोग अपनी पंरपरा और संस्कृति से रूबरू होते हैं। जबकि वीरेंद्र सिंह भोगता, रोशनलाल मुण्डा, रामपोदो महतो, नरेश साहू, कविता देवी आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन मेला समिति के संयोजक डॉ रिझु नायक और अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजू नायक ने किया। बाद में आयोजन समिति की ओर से सर्वश्रेष्ठ चैड़ल व कृष्णा भगत के झांकी को पुरस्कृत किया। इससे पहले समिति के मुख्य संरक्षक एतवा नायक भगत के नेतृत्व में अतिथियों का स्वागत माला पहनाकर किया गया। मौके पर श्रवण चौधरी, रब्बानी राज, संजय महतो, जलेश महतो, चामु महतो, विपिन मुण्डा, अजीत महतो, पारसनाथ महतो आदि उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति के संयोजक डॉ रिझु नायक, संरक्षक एतवा भगत, अध्यक्ष राजू नायक, ग्रामप्रधान शिबू मुंडा, महासचिव प्रकाश कुमार नायक, उपाध्यक्ष बिरजा मुण्डा, सिकंदर अंसारी, बरतु मुण्डा, सलीम अंसारी, भुषण नायक, दीपक मुण्डा, मनक करमाली, जनक करमाली, सूरज मुण्डा, समीर अंसारी, सज्जाद अंसारी, बनील करमाली, शिवा मुण्डा, प्रवीण मुण्डा, दुर्योधन नायक, धनेश्वर नायक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# ओरमांझी में अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, कुआं में तैरता हुआ शव बरामद

**एक दिन पहले ही परिजनों ने दर्ज करायी थी गुमशुदगी की रिपोर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के चकला पंचायत के दरदाग गांव में स्थित एक कुएं से शुक्रवार को 48 वर्षीयएक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान नितेश कुमार के रूप में हुई है। वह बेगुसराय के फुलवरिया का रहने वाला है। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। खबर पाते



ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा व शिनाख्त करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। कुआं के पास मिले बैग से बरामद युवक के आधार कार्ड और फोटो से उसकी पहचान हुई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाई गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद से मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# सरकारी मध्य विद्यालय में शिक्षकों की सेवा सत्यापन व वेतन वृद्धि कार्य संपन्न

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरकारी बुनियादी मध्य विद्यालय में शुक्रवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में लगभग 70 शिक्षकों की सर्विस बुक का निःशुल्क वार्षिक वेतन वृद्धि एवं सेवा सत्यापन का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी जूही रानी मुख्य रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम में नामकुम प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी विजेंद्र चौबे ने भी विशेष भूमिका निभाई। इस दौरान उपस्थित शिक्षकों ने अपनी सेवा सत्यापन




और वेतन वृद्धि प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय ज्ञानी, राजेश कुमार, भारत भूषण, देशराज मिश्रा, राजन टोप्पो, बद्री विशाल, अरविंद भगत, अंतेश कुमार साहू, जूली कुमारी एवं मंजू रानी आदि की भागीदारी सक्रिय रही।

# ग्रामीणों ने लापुंग अंचल कार्यालय घेरा, दो पक्षों ने सीओ को ज्ञापन सौंपा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** अंचल में जातलोया गांव में जमीन के मामले को लेकर सुगनी देवी के समर्थन में दर्जनों ग्रामीण लाठी-डंडे के साथ अंचल कार्यालय पहुंचे। कार्यालय का घेराव करते हुए जमीन पर बैठ गये। उनका कहना था कि एक जमीन को 1990 में रजिस्ट्री पट्टा से खरीदा गया था, लेकिन खाता नंबर में गलत इंट्री के कारण ऑन लाइन नहीं हुआ था। लेकिन पंजी दो में चढ़ा हुआ है। बावजूद इसके जमींदार ने उक्त जमीन को फिर से दूसरे व्यक्ति को बेच दिया और उनकी जमाबंदी हो गयी। इसी के विरुद्ध ग्रामीण गोलबंद होकर अंचल कार्यालय पहुंचे व अपना आवेदन सौंपा। जबकि दूसरे पक्ष के लोग भी अपनी जमीन से संबंधित कागजात अंचल अधिकारी को सौंपे। सीओ ने दोनों पक्ष को जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद वे लोग लौट गये।

# डायन-बिसाही कहकर किसी को प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है : कविता कुमारी

**रांची डालसा ने दी कानूनी जागरूकता की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में लापूंग प्रखंड के सापुकेरा पंचायत भवन प्रांगण में 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता कविता कुमारी खाती शामिल हुईं। उन्होंने नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला और नशा से पीड़ित व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं दी जानेवाली योजनओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि नशा से तन और धन दोनों की हानी होती है। जबकि डायन-बिसाही अंधविश्वास है। डायन कहकर लोगों को प्रताड़ित नहीं करना चाहिए। बाल श्रम भी एक अपराध है। कम उम्र के बच्चों को संस्थानों में काम नहीं करवानी चाहिए। बतातें चलें कि उन्होंने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी। कहा कि यह विशेष लोक अदालत विवाह व चेक अनादरण से संबंधित है। रांची डालसा के पीएलवी प्रतिमा देवी एवं अनिता देवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा द्वारा मुकदमा लड़ने एवं अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। ज्ञात हो कि आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के पीएलवी द्वारा जानकारी दी गयी। कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान के साथ ही भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। मौके पीएलवी प्रतिमा देवी, अनिता देवी, सतीश नाग, रंथू महतो, अरूण केरकेट्टा, खुदीराम साहू एवं राजा बनर्जी आदि उपस्थित थे।

# बेड़ो में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को लेकर बैठक



बेड़ो में बैठक में बीएलओ को सम्मानित करते सीओ व मौजूद ग्रामीण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 को सफल बनाने को लेकर बेड़ो प्रखंड स्थित जामटोली डैम के समीप शुक्रवार को सीओ प्रताप मिंज की अध्यक्षता में बीएलओ, पर्यवेक्षकों व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें 25 जनवरी को होनेवाली राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। सीओ प्रताप मिंज ने सभी बीएलओ को 25 जनवरी को अपने मतदान केंद्रों पर तैनात रहने व 18 साल के मतदाताओं का नाम प्रपत्र 6 में जोड़ने व मृत मतदाताओं का नाम डिलिट करने का निर्देश दिया। उन्होंने चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, कप देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। वहीं, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, भाजपा कार्यकर्ता धनंजय कुमार राय व झामुमो कार्यकर्ता सत्येन्द्र साहू आदि ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान लोगों ने वनभोज में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया।

# पुलिसकर्मी को धक्का मारकर फरार चालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पिर्रा निवासी पुलिस कर्मी उपेंद्र तिवारी को धक्का मारकर फरार हुए चालक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसकी पहचान बबलू उरांव के रूप में हुई है। वह चेडी मनातू का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक रातू के पिर्रा निवासी पुलिस कर्मी उपेंद्र तिवारी रांची में पदस्थापित है। गत 15 जनवरी की रात 11.30 बजे अपनी ड्यूटी खत्म कर अपनी बाईक से पिर्रा स्थित घर लौट रहे थे। तभी गोविंदनगर के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में उपेंद्र तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचा। जहां इलाज चल रहा है। वहीं, हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया था, जिसमें तीन लोग सवार थे। मामले को लेकर उपेंद्र ने रातू थाने में कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसके आधार पार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित चालक बबलू उरांव को गिरफ्तार कर लिया। मामले में दो अन्य आरोपी फरार है।

# महाकुंभ जाने को 150 लोगों का जत्था प्रयागराज रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगडी।** नगडी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों के 150 ग्रामीण श्रद्धालुओं का जत्था शुक्रवार को प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेला के लिए रवाना हुआ। स्वर्णरिखा के उद्गमस्थल रानी चुंआ के पांडेनेश्वर धाम परिसर से नगडी के युवा समाजिक कार्यकर्ता सह वरीय भाजपा नेता शशि भूषण भगत, भाजपा नेता संजीव तिवारी और अरविंद केसरी ने संयुक्त रूप से उन्हें बजरंगी पतका दिखा कर रवाना किया। इस असर पर वरीय भाजपा नेता शशि भूषण भगत ने कहा कि महायोग से 144 साल बाद उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ लगा हुआ है। इस महाकुंभ के दर्शन से ही पुण्य मिलता है। जत्था में शामिल सभी लोगों ने जय कुंभ तीर्थ जय शिव शंकर, जय बजरंगबली और जय श्रीराम का लगाया। वहीं, जत्था का नेतृत्व धार्मिक कार्यकर्ता दिलीप महतो कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तीन बसों के साथ यह जत्था सीधा बनारस पहुंच कर भगवान शिव का पूजन करेगा। इसके बाद अयोध्या धाम में भगवान राम की पूजा कर प्रयाग राज के लिए रवाना होगा। इस मौके पर साहेर पंचायत के पूर्व उप मुखिया रमेश महतो, गंगाधर महतो, अखिलेश महतो, धनी महतो, रोहित महतो, विष्णु महतो, सिकंदर महतो, अजय महतो, जितेंद्र महतो, जीतन महतो, उमेश महतो आदि उपस्थित थे।

### करकट में धूमधाम से मनी घासीराम जयंती, सांस्कृतिक दलों ने लोगों को झुमाया

# जनकवि थे महाकवि घासीराम महली : डॉ कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** महाकवि घासीराम महली की 166वीं जयंती सह मेला का आयोजन शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें मांडर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कुमार लाल आदित्येन्द्र नाथ शाहदेव भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विरले ही वह घड़ी आती है जब महाकवि घासीराम जैसी हस्ती का जन्म इस धरती पर होता है। जब एक कलमकार राजकवि के साथ जनकवि बन जाता है। डॉ उमेश नंद तिवारी ने कहा कि महाकावि घासीराम 19वीं और 20वीं सदी को अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से जोड़ने वाले ऐसे कवि थे जिनकी रचनाओं के भावपक्ष एवं कलापक्ष के लेकर कई शोध किये जा सकते हैं। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक हैं। वहीं, डॉ शकुंतला




मिश्र ने कहा कि महाकवि घासीराम सांस्कृतिक आंदोलनकारी थे। उन्होंने संपूर्ण छोटानागपुर को अपने सरल-सहज व्यक्तित्व और गीत संगीत के माध्यम से एक सूत्र में जोड़ कर झारखंड की समन्वित संस्कृति को मजबूत किया था। साहित्यकार डॉ कलाधर ने कहा कि यह साहित्यिक सह सांस्कृतिक मेला आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इससे हमारी परंपरा तो बची ही है, गांवों में एकता व सद्भावना भी बढ़ता है। वरिष्ठ साहित्यकार धनेंद्र प्रवाही ने कहा कि किसी भी साहित्यकार के नाम से लगने वाला यह पहला मेला है। यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। समिति के सचिव ने कहा कि गांव के युवा मिलकर महाकवि घासी राम के जन्म स्थान करकट को आदर्श गांव और झारखंड का महात्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्र बगाएंगे। अध्यक्ष मकेश्वर महली ने इस अवसर पर करकट गांव गॉव की परिस्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि यह एक निर्धन गांव है। जहां कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने करकट मोड़ से लेकर गांव तक की जर्जर सड़क की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गांव में महाकवि घासीराम के नाम से आवासीय विद्यालय खोलने की भी मांग की। कोषाध्यक्ष अशोक महली ने भी महाकवि की आवाज को सदियों तक बुलंद रखने की बात कही। इस मौके पर आशीष कुमार महली, निरंजन बाघवार, भूपेन्द्र, डॉ रामकुमार, प्रवीण सिंह, प्रो विकास सिन्हा, जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, महावीर साहू, शिव टहल जायसवाल, प्रमुख होलिका देवी, अशोक महली, त्रिपुरारी तिवारी, प्रदीप महली और शशिकला पौराणिक आदि शामिल थे।

# नवाडीह पंचायत में ज्वाय ऑफ लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द शैक्षिक एवं रांची मोराबादी अनुसंधान संस्थान रामकृष्ण मिशन आश्रम के छात्र-छात्राओं के लिए शुक्रवार को नवागढ पंचायत के जैविक ग्राम रंगामाटी बरवाटोली एवं ओबर में एक दिवसीय ज्वाय ऑफ लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्रायें शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शांति मंत्र उचारण के साथ संस्थान के सचिव स्वामी भवेषानन्द जी महराज ने किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक दवाव कम होता है और दाखिला लेते हुए शिक्षा ग्रहण करने का मौका मिलता है। वहीं, जैविक किसान संतोष बेदिया ने छात्र-छात्राओं को जैविक खेती की वैज्ञानिक तकनीकी की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उनके खेत का भ्रमण भी कराया गया। इस मौके पर स्वामी भक्ति शांति जी महराज, नावागढ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, आभिजित दत्ता, अजित उपाध्याय, जगदीश भोगता, नरेन्द्र नाथ बेदिया, हरि चरण बेदिया आदि उपस्थित थे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान आज

## शमी की वापसी संभव, सूर्या-शार्दूल बाहर हो सकते हैं, 19 फरवरी से टूर्नामेंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान शनिवार, 18 जनवरी को होगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा दोपहर 12:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। यह जानकारी बीसीसीआइ ने दी है।

टीम में मोहम्मद शमी की वापसी हो सकती है। सूर्या-शार्दूल बाहर हो सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई के 4 वेन्यू पर होनी है। इनमें लाहौर, कराची, रावलपिंडी और दुबई शामिल हैं। भारतीय टीम के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे।



**वनडे वर्ल्ड कप के 11 खिलाड़ियों का चयन तय**

भारतीय टीम में 2023 वनडे कप खेलने वाले 11 खिलाड़ियों का चुना जाना तय है। सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, शार्दूल ठाकुर और रविचंद्रन अश्विन इस टीम से बाहर हो सकते हैं। अश्विन रिटायर हो चुके हैं, वहीं शार्दूल को गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद से टीम में नहीं चुना गया। दूसरी ओर, सूर्या और ईशान खराब फॉर्म और व्यवहार के कारण वनडे टीम से अपना पत्ता कटवा चुके हैं। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को इन खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट तलाशने होंगे।

बताया जा रहा है कि बीसीसीआइ को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस रिपोर्ट आने का इंतजार है। रिपोर्ट्स के अनुसार बुमराह ग्रुप स्टेज नहीं खेल सकेंगे। मोहम्मद शमी ने इंजरी से उबर गए हैं। उन्हें टीम में जगह मिल सकती है। उन्होंने 14 महीने से इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है, वहीं कुलदीप यादव ने भी पिछले दिनों सर्जरी कराई थी।

# संगीत छात्रों की भावनात्मक बुद्धि को करता है सुदृढ़: अविनाश देव



**संत मरियम विद्यालय मे संगीत कार्यशाला का आयोजन**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में शुक्रवार को एक दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श आदि ने किया। इसके बाद पलामू के प्रसिद्ध स्पेक्ट्रा संगीत मंडली के प्रमुख दिनकर जी ने संगीत व वाद्य यंत्रों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने, इसके प्रति रुचि विकसित करने व हमारे मन मस्तिष्क के इसके सुप्रभाव जानकारी बच्चों के बीच साझा की। वहीं, अविनाश देव ने सभी कलाकारों का आभार प्रकट किया एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि संगीत सदियों से हमारे संस्कृति का एक अहम हिस्सा रहा है। यह सिर्फ मनोरंजन का नहीं, बल्कि मनुष्य के समग्र व्यक्तित्व के विकास का एक अच्छा माध्यम भी है। यह छात्रों के भावनात्मक बुद्धि, आत्मविश्वास व एकाग्रता को बढ़ता है। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ जीवन में संगीत का भी होना बहुत जरूरी है। मौके पर समन्वयक अमरेंद्र कुमार, प्रवीण दुबे, निकिता गुप्ता आदि मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य की मांग को लेकर आरइओ रोड पर ही ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से प्रखण्ड क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 139 ढाब कला से खड़गपुर, भांवर होते गिद्दी उर्फ चिरैली रोड तक चल रहे आरइओ सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। इस दौरान शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव के साथ काफी संख्या में खड़गपुर हाई स्कूल के समीप कार्य स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि आरईओ मुख्य सड़क को छोड़ कर स्कूल कैंपस के बगल से सड़क निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जतायी। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मनोज यादव, पंसस प्रतिनिधि हीरा यादव, उमेश यादव, पूर्व मुखिया चनू भुइंया, भोला यादव, महानंद यादव, छोटू भुइंया, श्रवण यादव, संतन यादव, गुड्डू मेहता, शैलेंद्र भुइंया, अरविंद शर्मा, रामाशंकर मेहता, प्रभु मेहता, अखिलेश मेहता, सिकेंद्र मेहता आदि ने मुख्य सड़क पर ही निर्माण कार्य कराने की मांग दोहराई। कहा कि ग्रामीणों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण काम को बंद कराने को बाध्य होंगें। इस दौरान ग्रामीणों ने संवेदक पर अनियमितता बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि उबड़ खाबड़ सड़क को खोद कर बिना रोलिंग के पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर कनीय अभियंता संजीत कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य उसी स्थल पर किया जा रहा है जहां प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। जिस सड़क की बात ग्रामीणों द्वारा की जा रही है यह मांग स्वीकृति की प्रक्रिया में है। स्वीकृति मिलते ही हाई स्कूल खड़गपुर से कटकोमा गांव तक सड़क निर्माण कार्य करा दिया जाएगा।

## विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

# भवन निर्माण हो जाने से बेहतर मिलेगी चिकित्सा सेवा: डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर विकास कराए जा रहे है। आगे भी प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किया जायेंगें। पांकी में विकास की एक लंबी लकीर खींचुंगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन बनने से पांकी प्रखंड के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा मिलेगा। केंद्र सरकार ने लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवा देने के लिए कई प्रकार के योजनाएं चला रही है। लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, प्रो बचन ठाकुर, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, कमेश यादव, उमेश यादव, सरोज चटर्जी, संतु सिंह, डॉ रियाज अनवर, डॉ विनोद कुमार, जयकिशोर प्रसाद, लक्ष्मण यादव, साधु मांझी व शिवकुमार यादव आदि मौजूद थे।



भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि-पत्र

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् ई–अतिअल्पकालीन निविदा संख्या–**25/2024-25/ RWD/ CHATRA**, दिनांक–05.10.2024, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि –20.01.2025 है (शुद्धि–पत्र के अनुसार), जिसका **P.R. No.** 343231 **Rural Work Department**(24–24)**#D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.01.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–28.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.01.2025 अपराह्न 03.30 बजे।
4. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

PR.NO.344540 Rural Work Department(24-25):D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

## समाजसेवी आत्मानंद चौबे की मनायी गयी 5वीं पुण्यतिथि, जरूरतमंदों में 500 कंबल वितरित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** आत्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रेहला संजीव चौबे के आवासीय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विश्रामपुर विस क्षेत्र के समाजसेवी दिवंगत आत्मानंद चौबे की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गयी। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में जुटे अतिथियों ने स्व. आत्मानंद चौबे की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रंजीत उर्फ मुनमुन चौबे व संचालन सतीश चौबे उर्फ बालाजी ने किया। इसके बाद परिजनों ने आत्मानंद चौबे के स्मृति में अभाव ग्रस्त लोगों के बीच रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश सिंह, विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टुडू, नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत, डॉ डीपी शुक्ला, कांग्रेस नेत्री पूर्णिमा पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, समाजसेवी रंजीत सिंह व कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे ने संयुक्त रूप से 500 कंबल वितरित किया। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने वाली रीतिका पांडेय व अंजली कुमारी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। गौरतलब है कि केतात स्तरोन्नत हाई स्कूल व घोरडीहा स्कूल के टॉपर छात्रों को आत्मानंद चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति दी जाती है। वहीं, स्व आत्मानंद चौबे के तूसरे पुत्र रंजीत चौबे ने समाज सेवा के क्षेत्र में कुछ बड़ा करने के लिए लोगों से सहयोग व सुझाव की अपील की। मौके पर सेवानिवृत डीएसओ शशिनाथ चौबे, प्राचार्य मनोज द्विवेदी, रजनीकांत पाठक, निरंजन पाठक, अशोक चौबे उर्फ मुन्ना चौबे, सुनील पांडेय, किशोर कुमार, सचिन चौबे, अशोक चौबे, राघवेंद्र चौबे और सतेंद्र नाथ चौबे आदि मौजूद थे।

# ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

**- ओडिशा से कमा कर बिहार के डेहरी ऑनसोन स्थित अपने घर लौट रहा था मृतक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी स्टेशन के समीप रांची-सासाराम एक्सप्रेस (अप) ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। उसकी पहचान अजीत भुइयां (22) के रूप में हुी है। वह बिहार के डेहरी ऑनसोन शहर के जक्की बिगहा मुहल्ले का रहने वाला था। घटना गुरुवार की रात 10.30 बजे की बतायी जा रही है। डालटनगंज जीआरपी थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। वहीं, मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि अजीत ओडिशा कमाने गया था। वहीं से वह घर लौट रहा था। इसी बीच सिगसिगी स्टेशन के समीप अचानक ट्रेन से गिर गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सिगसिगी स्टेशन मास्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि देर रात पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैकमैन ने स्टेशन में जाकर सूचना दी कि एक .युवक रेलवे क्रोसिंग के समीप ट्रेन से गिर गया है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत इसकी सूचना जीआरपी को दिया। वहीं मृतक की जेब से मिले कागजात के आधार पर परिजनों को भी सूचना दी गयी। शुक्रवार की सुबह होते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

## महुअरि मुखिया ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के महुअरि पंचायत के दो गांव में आंगनवाड़ी केंद्र नहीं रहने से गर्भवती महिलाओं की जांच, नौनिहालों की देखभाल व प्री-स्कूल की गतिविधियों का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में मुखिया सरिता कुमारी ने पलामू डीसी शशि रंजन को ज्ञापन देकर आंगनवाड़ी भवन बनाने की मांग की है। बताया कि अहमदनगर व कठौन्धा खुर्द गांव में आंगनवाड़ी केंद्र नहीं होने से परेशानी हो रही।**

Jharkhand BijliVitran Nigam Limited
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
O/o General Manager -cum -Chief Engineer,
Ranchi Electric Supply Area
Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670
E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

Tender Cancellation Notice

Due to unavoidable circumstances the e-tender Notice No. 242/PR/JBVNL/24-25 under O&M head is hereby cancelled.

PR No. 342366

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 344479 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Ranchi

## मंईयां सम्मान योजना के पैसे नहीं मिलने पर प्रखंड प्रमुख से शिकायत

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए हजारों युवतियों-महिलाओं ने आवेदन किया है। अनेकों महिलाओं को इसका लाभ भी मिलने लगा है। लेकिन प्रखंड में कई ऐसी युवतियां और महिलाएं हैं, जिनको आवेदन के बाद भी इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसी में पैसा नहीं पाने वाली युवतियां-महिलाएं परेशान और चिंतित हैं। नौडीहा बाजार प्रखंड के चराई टू पंचायत और डगरा पंचायत की दर्जनों महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के आवेदन का रिसीविंग लेकर प्रखंड कार्यालय में शिकायत करने पहुंची थी, लेकिन बीडीओ से मुलाकात नहीं हुई। इस पर महिलाओं ने बीडीओ के नाम से प्रधान सहायक को आवेदन सौंपा। उसके बाद प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी से भी शिकायत की गई।

कार्यालय, उप निदेशक कल्याण कार्यालय,
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग

नामाकंन संबंधी सूचना वर्ष–2025–26

उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा निम्नलिखित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र–2025–26 के लिए प्रथम वर्ग में रिक्ति अनुसार नामाकंन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में नामाकंन आवेदन दिनांक–19.02.2025 तक आमंत्रित किया जाता है। नामाकंन आवेदन प्रपत्र संबंधित विद्यालय अथवा जिला कल्याण कार्यालय से प्राप्त एवं संबंधित विद्यालय में जमा लिये जायेगें। विशेष जानकारी के लिए वेबसाईड (WWW.hazaribag.nic.in) पर जनसाधारण के अवलोकनार्थ अपलोड (Upload) कर दिया गया है।

| क्र0 | जिला | | विद्यालय का नाम | वर्ग | कोटि | छात्र/छात्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | हजारीबाग | 01 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, बरसोत (हजारीबाग) | प्रथम | SC | छात्रों के लिए |
| | | 02 | आदिम जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, दीपूगढ़ा (ह0बाग) | प्रथम | ST | आदिम जनजाति छात्राओं के लिए |
| 02. | रामगढ़ | 03 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, माण्डू (रामगढ़) | प्रथम | ST | छात्रों के लिए |
| | | 04 | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका मध्य विद्यालय, गोला (रामगढ़) | प्रथम | ST | छात्राओं के लिए |
| 03. | गिरिडीह | 05 | अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, पीरटांड (गिरिडीह) | प्रथम | ST | छात्राओं के लिए |
| | | 06 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, खरगडीहा (गिरिडीह) | प्रथम | SC | छात्रों के लिए |
| | | 07 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, जमुआ (गिरिडीह) | प्रथम | SC | छात्रों के लिए |
| | | 08 | आदिम जनजाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, ग्राम–बालक, बगोदर (गिरिडीह) | प्रथम | ST | आदिम जनजाति छात्राओं के लिए |
| 04. | धनबाद | 09 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, गोविन्दपुर (धनबाद) | प्रथम | SC | छात्रों के लिए |
| 05. | बोकारो | 10 | अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय, चास (बोकारो) | प्रथम | SC | छात्रों के लिए |
| 06 | चतरा | 11 | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, लावालौंग (चतरा) | प्रथम | ST | छात्रों के लिए |
| | | 12 | अनुसूचित जाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, सिमरिया (चतरा) | प्रथम | SC | छात्राओं के लिए |
| | | 13 | अनुसूचित जाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, हंटरगंज (चतरा) | प्रथम | SC | छात्राओं के लिए |
| | | 14 | अनुसूचित जाति आवासीय बालिका प्राथमिक विद्यालय, प्रतापपुर (चतरा) | प्रथम | SC | छात्राओं के लिए |

1. आवेदन–पत्र प्रत्येक कार्य दिवस के दिन प्रातः10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संबंधित विद्यालय से प्राप्त किये जायेगें।
2. अनुसूचित जाति के विद्यालयों में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईयाँ जाति के बच्चों के लिए 25% प्रतिशत स्थान नामाकंन में सुरक्षित रहेगा। उसी प्रकार अनुसूचित जनजाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामाकंन 25% प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि आरक्षित सीटों के लिए/छात्राओं के लिए उपलब्ध नही है, तो प्रमण्डलीय उप निदेशक कल्याण, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग से अनुमोदन प्राप्त कर मेघा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों की अन्य उपजातियों के बच्चों का नामाकंन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
3. वर्ग प्रथम में नामाकंन हेतु मौखिक परीक्षा दिनांक–23.02.2025 को संबंधित विद्यालय में प्रातः11:00 बजे पूर्वाह्न में होगी।
4. नामाकंन हेतु आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि–19.02.2025 निर्धारित है।
5. नामाकंन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को जाति प्रमाण–पत्र, BPL कार्ड अथवा आय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामाकंन किया जायेगा। इसके लिए BPL की सूची में नाम अंकित होने के आधार पर नामाकंन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
7. नामाकंन के लिए उम्र सीमा दिनांक–31.03.2025 तक 06/07 वर्ष के अन्दर होनी चाहिए। जिन छात्र/छात्राओं के माता–पिता सरकारी नौकरी में कार्यरत है उनके बच्चों के नामाकंन हेतु आवेदन–पत्र स्वीकार नही जायेगा। इस आशय का घोषणा–पत्र आवेदक के माता/पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
(बासुदेव प्रसाद)
उप निदेशक कल्याण,
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 344454 Welfare(24-25)#D

## देश के युवाओं को विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत : सूर्यमणि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला एके सिंह कॉलेज की ओर से राष्ट्रीय युवा सप्ताह अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में संचालित कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, प्रो रामसुभग सिंह, प्रो अरुण कुमार सिंह, प्रो शिवकुमार विश्वकर्मा और प्रो राहुल सिंह ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। भाषण प्रतियोगिता में कई छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और विचार विषय पर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। संभाषण के लिए रिंकी कुमारी को प्रथम, राखी मेहता को द्वितीय और बीरबल कुमार को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया। जबकि निबंध प्रतियोगिता में मूल्यांकन के बाद रिंकी कुमारी प्रथम, प्राजक्ता कुमारी द्वितीय व राखी मेहता को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। छात्र-छात्राओं के संबोधन के बाद हिंदी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आलोक रंजन, शिक्षक प्रतिनिधि डॉक्टर आनंद कुमार सिंह, शैक्षणिक प्रभारी प्रोफेसर डॉ राम सुभग सिंह ने अपने-अपने विचार रखे। वहीं, प्राचार्य ने कहा कि देश का भविष्य युवा शक्ति के ऊपर निर्भर है। युवा शक्ति सबल और सशक्त होगा तभी स्वामी विवेकानंद के बताए संदेश को आत्मसात कर युवा देश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। इस मौके पर ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह ने किया।

## डीसी ने जिले के कोल ब्लॉकों से जुड़ी समस्याओं को लेकर की बैठक

# कोल ब्लॉक को शुरू करने में आ रही सभी समस्याओं को दूर करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिले के पांचों कोल ब्लॉक के प्रतिनिधियों के सात बैठक की। जिसमें कोल ब्लॉक के संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधितों को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने सर्वप्रथम त्रिमूला माइंस की समीक्षा की। बताया गया कि त्रिमूला माइंस के प्लान का सरकार के स्तर से अनुमोदन हो गया है। इस पर डीसी ने त्रिमूला माइंस के प्रतिनिधियों से जल्द से जल्द लैंड शेड्यूल जमा करने को कहा। इसी तरह उन्होंने फेयर माइंस को गैर मजरुआ जमीन की लीज बंदोबस्ती की राशि को कोषागार कार्यालय में जमा कराये जाने की बात कही। जिले में रिक्त पड़े जिला बंदोबस्त पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन के लिए अपर समाहर्ता को सरकार से पत्राचार करने को कहा। अरण्या कोल ब्लॉक की समीक्षा के दौरान उनके प्रतिनिधियों को ग्राम गरेड़ीयाडीह के खतीयान को अपलोड करने के लिए तीन कंप्यूटर ऑपरेटर उपलब्ध कराने को कहा, ताकि खतीयान अपलोड के कार्य में तेजी लाया जा सके। इसी तरह पड़वा के सिक्का गांव में हिंडाल्को की ओर से बनाये जा रहे स्कूल में आ रही समस्या को पड़वा सीओ को दूर करने का निर्देश दिया। इसके अलावे कोल ब्लॉक को शुरू करने में आ रही अन्य सभी समस्याओं को लेकर सभी संबंधितों को युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर, पाटन व पड़वा सीओ समेत पांचों कोल ब्लॉक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बाघमारा प्रखंड मुखिया संघ के वनभोज कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद और विधायक

# जनता की उम्मीदों और अपेक्षाओं को जरूर पूरा किया जायेगा: ढुल्लू महतो

## मुखियाओं ने की विकास की मांग और अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता





नवभोज कार्यक्रम में शामिल हुए बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो का स्वागत करती मुखिया संघ की सदस्यगण

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड मुखिया संघ की ओर से शुक्रवार को तेलमोचो के दामोदर नदी स्थित खेलाय चंडी मंदिर समीप वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन ने धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, बाघमारा विधायक शत्रुधन महतो, बीडीओ लक्ष्मण यादव और सीओ बाल किशोर महतो को आमंत्रित किया। सभी गणमान्य व्यक्तियों का संगठन की अध्यक्ष रिंकू देवी, पूर्व मुखिया सह भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो आदि ने बुके व सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान मुखिया एवं प्रतिनिधियों ने विधायक से क्षेत्र के विकास में बीडीओ व अन्य अधिकारियों द्वारा उपेक्षापूर्ण व्यवहार की शिकायत की। साथ ही पंचायतों में अधूरे पड़े कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पंचायतों में चल रही योजनाओं में घोर भ्रष्टाचार हो रहा है। खासतौर पर, आवास और पेंशन जैसी योजनाओं के लिए अधिकारियों द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। बिना रिश्वत दिए योजनाओं को लंबित रखा जाता है, जिससे विकास कार्यों में रुकावट आती है। सभी ने विधायक से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की, ताकि भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मनमानी को रोका जा सके और क्षेत्रीय विकास कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्था सुधारने की अपील की। मौके पर मुखिया रिंकू देवी, संध्या देवी, पिंकी कुमारी, सुमन देवी, प्रेमलता देवी, वंदना बाउरी, नंदनी कुमारी, संगीता घोषाल, सरस्वती देवी, सुनीता देवी, पिंकी देवी, सुनीता देवी, शिबू महतो, विनोद महतो, जालिम रजक, समीर लाल, बिरजू महतो, मनोज महतो, महेश पटवारी और निरंजन गोप आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, सांसद ढुल्लू महतो ने मुखिया संघ की अध्यक्ष रिंकू देवी सहित सभी मुखियों व प्रतिनिधियों को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि लोगों ने जात-पात से उपर उठकर विधायक और सांसद चुना। जबकि अन्य प्रतिनिधियों ने दौलत कमाई। उन्होंने हमेशा जनता का विश्वास बनाए रखते हुए विकास कार्य किए। सांसद ने कहा कि जनता की उम्मीदों और अपेक्षाओं को पूरा किया जाएगा। उन्होंने चिटाही राम मंदिर में आयोजित आगामी धार्मिक यज्ञ में योगदान देने और उसे सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न (सरद) महतो ने मुखियाओं से हर पंचायत में विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पंचायत विकास के लिए डीएमएफटी और सीएसआर बोर्ड की बैठक में मुद्दे उठाने की बात कही। साथ ही, चिटाही में राम राज मंदिर के चौथे आयोजन में तन-मन-धन से योगदान देने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि वे समय और स्थान बताएं, सभी मुखियाओं को घुमाने ले जाएंगे। वहीं, मुखिया महेश पटवारी ने विधायक से चुनाव में किए गए वादे के तहत प्रत्येक पंचायत को 2-2 करोड़ रुपये देने की मांग की। उन्होंने 15वें वित्त आयोग की राशि से विकास कार्यों की कमी को लेकर नाराजगी जताई और विधायक फंड से हर पंचायत में 2 बड़ी योजनाओं एवं डीएमएफटी फंड से विकास कार्यों को मंजूरी दिलाने की मांग की। साथ ही, उन्होंने विधायक से मुखिया संघ को घुमाने के वादे को भी पूरा करने की अपील की एवं हर पंचायत में 20 सोलर लाइट लगाने की बात कही।

## एक के बदले दो लाख वसूलने के बाद भी सूदखोर ने की वृद्ध की पिटाई



**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत बस स्टैंड निवासी शंकर राम ने थाने में कोयरीबांध के राधा कृष्ण मंदिर निवासी ओम प्रकाश साव के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने की लिखित शिकायत की हैं। आरोप लगाया तीन साल पहले बेटी की शादी के लिए ओम प्रकाश साव से एक लाख रुपए कर्ज लिया था। जिसकी पूरी किस्त भी चुका दिये हैं। इसके बाद भी झरिया सब्जी पट्टी में ओमप्रकाश साव ने पकड़ लिया और पैसा लौटाने को कहने लगा। जब मैंने कहा कि मैने पूरा पैसा लौटा दिया है तो उसने हाथापाई कर जाति सूचक गाली दी। मेरी डायरी और कपड़ा भी फाड़ दिया है। इससे पहले भी मेरे साथ गलत व्यवहार किया था। शंकर राम ने बताया कि उसने एक लाख के बदले दो लाख दे चुका है, लेकिन सूदखोर ओम प्रकाश साव मूलधन बाकी बताकर धमका रहा था। इसलिए झरिया थाना में लिखित शिकायत किया हूं।

## क्विज में शानदार प्रदर्शन के लिए डीएसडब्ल्यू पुष्पा ने मयंक तोमर को दिया प्रशस्ति पत्र



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीबीएमकेयू यूनिवर्सिटी ने 38वें एआईयू ईस्ट जोन युवा महोत्सव में ओवरऑल तीसरा स्थान हासिल किया है। इस महोत्सव में कुल 18 विश्वविद्यालयों ने भाग लिया था। जिसमें बीबीएमकेयू गुरुनानक कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी (क्विज) में चौथा स्थान प्राप्त किया। शुक्रवार को बीबीएमकेयू यूनिवर्सिटी में डीएसडबल्यू पुष्पा कुमारी ने मयंक तोमर को भी प्रशस्ति पत्रदिया और शुभकामनाएं दी। पिछले दिनों पांचवा अंतरनाद 2024 महाविद्यालय महोत्सव गुरु नानक कॉलेज में आयोजित हुआ था जिसमें ओवरऑल चैंपियन गुरु नानक कॉलेज प्रथम स्थान पर टॉपर रहा। शानदार प्रदर्शन करने वाले मयंक तोमर ने कहा था कि गुरु नानक कॉलेज की टीम 38वें ईस्ट जोन यूथ फेस्ट में टीम मेहनत कर शानदार प्रदर्शन करेगी। जो आज सच साबित हुआ। प्रशस्ति पत्र मिलने के बाद मयंक तोमर ने कहा कि गुरु नानक कॉलेज क्विज टीम का शानदार प्रदर्शन आगे आने वाले प्रतियोगिताओं में भी जारी रहेगा।

## पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में चला जागरूकता अभियान

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शुक्रवार को पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में बच्चों और शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की ओर से चलाया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के रवि मिश्रा ने बच्चों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। पुलिस उपाधिक्षक (यातायात) अरविंद कुमार सिंह की ओर से यातायात नियमों की जानकारी दी गई। सभी बच्चों को बताया गया कि पहले खुद यातायात के नियमों का पालन करना शुरू करें। साथ ही अपने परिवार एवं मित्रों को भी इस संबंध में जागरूक करें। इस दौरान बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बुकलेट बांट कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वहीं, कॉलेज की प्राचार्या ने बच्चों से बिना लाइसेंस के वाहन से कॉलेज नहीं आने का निर्देश दिया। जबकि अधिवक्ता अशोक कुमार, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने भी सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को जागरूक किया। वहीं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार ने कहा कि ओवरस्पीड से वाहन नहीं चलाए क्योंकि 80 पीसदी सड़क हादसे इसी कारण से ही होते है। गलत दिशा से ओवरटेकिंग करने से बचे। इमरजेंसी वाहनों को रास्ता दे। मौके पर रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार, नेहरू युवा के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया कई योजनाओं का उद्घाटन



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म पूर्वी पंचायत क्षेत्र में मुखिया अनारकली ने 15वें वित्त आयोग मद के तहत लाखो रुपये की लागत के कई योजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने हरिजन टोला के धोबिया गढ़ा में श्मशान घाट निर्माण, इस्लाम टोला में ईदगाह से बोकारो नदी तट तक पीसीसी पथ निर्माण एवं नाली में ढक्कन निर्माण कार्य के अलावा दलाल टोला में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस संबंध में मुखिया ने कहा कि पंचायत का चौतरफा विकास करना मेरा उद्देश्य है। प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य में ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। इसके अलावा ग्रामसभा और ग्रामीणों की राय पर और भी कई कार्यों को धरातल पर उतारा जाएगा। मौके पर उपमुखिया शांति देवी, वार्ड सदस्य नीलम देवी, शाहिल रजा, कांग्रेस महासचिव रामकिशुन रविदास, सुशील कुमार दास, दामोदर दास, बिरजू रविदास, डॉ शफी आलम, शमसुद आलम, नेपाली सिंह, सुरेंद्र रविदास और चरका दास आदि मौजूद थे।

## बालू लदे ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**महुदा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लोहपट्टी कशियाटांड में गुरुवार रात को तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 24 वर्षीय की मौत हो गई। उसकी पहचान अनिल कुमार महतो के रूप में हुई है। वह चास मु. थाना क्षेत्र के पुपुनकी गांव का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार अनिल अपनी बाइक से दुगदा से घर लौट रहा था। जैसे ही वह लोहपट्टी कशियाटांड के पास पहुंचा एक तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे अनिल बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल अनिल को तत्काल बोकारो के बीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने महुदा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने घटना की जांच करने का आश्वासन दिया है। कहा कि आरोपी चालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## राज्यपाल से मिलकर सौंपा मांग पत्र



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** दलित शोषण मुक्ति मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने मनोज कुमार पासवान के नेतृत्व में रांची स्थित राजपाल भवन में जाकर राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला और झारखंड में भूमिहीन दलितों की मांगों को रखा। इसमें भूमिहीन दलितों के जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने की जानकारी दी। साथ ही जाति प्रमाण पत्र निर्गत निर्गत कराने सहित विभिन्न मांगों को राज्यपाल के समक्ष रखा। कहा कि झारखंड में 80 प्रतिशत दलितों के पास खतियान नहीं है। जिसके लिए उन सभी दलितों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा। उन सभी के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कहा कि राज्यपाल से आग्रह किया गया कि सरकार को इन समस्याओं के तरफ ध्यान आकर्षित कराया जाए। प्रतिनिधि मंडल में राज्य अध्यक्ष शिव बालक पासवान, राज महासचिव दिनेश रविदास, आदिवासी मोर्चा के प्रफुल्ल लिंडा उपस्थित थे।

## एशियन जालान अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एशियन जालान अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने जमकर किया हंगामा। बतातें चलें कि गले में कैंसर से पीड़ित एक व्यक्ति को परिजनों से उक्त अस्पताल में भर्ती कराया था। जब अस्पताल के प्रबंधक ने बाहर की दवा मरीज को लगाने से इन्कार किया तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा कि पीड़िता के परिजनों को कहा गया कि यह दवा बहुत जरूरी है। इस मरीज को लगाना है, लेकिन दवा अस्पताल में मौजूद नहीं है। तभी परिजन इस दवा को बाहर से किसी मेडिकल स्टोर से लेकर आये। पर प्रबंधन ने उस दवा को लगाने से साफ इनकार कर दिया। पूछने पर बताया कि बाहर की दवाई यहां नहीं लगेगी। अस्पताल में जो दवाइयां मौजूद हैं वही लगेंगी। यह सुनते ही परिजन भड़क गये और हो हंगामा करने लगे।


झारखण्ड सरकार

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**

**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा**

भर्ती कैम्प संबंधी सूचना (भर्ती कैम्प की तिथि–20.01.2025)

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा के द्वारा दिनांक– 20.01.2025 को कार्यालय कैम्पस में पूर्वाह्न 11.00 बजे से 04.00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जिनकी रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl. No. | Employer's Name | Name of the post | No. of Vacancies | Qualification | Height | Experience if any | Salary | Age | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Shiva Protection Force Pvt. Ltd. Ranchi | Security Guard | 40 | 10th | 5 feet 7 inch | No | 12000-20000 | 20-45 | Jharkhand/ Bihar/Odisha |
| | | Security Supervisor | 05 | 12th | 5 feet 7 inch | No | 15000-22000 | 25-45 | Jharkhand/ Bihar/Odisha |
| | | Security Officer | 03 | Graduation | 5 feet 7 inch | 1 year | 20000-30000 | 30-45 | Jharkhand/ Bihar/Odisha |
| 2. | LIC Simdega | Insurance Advisor | 30 | 10th | - | No | 7000+ Commission | 18+ | Simdega |
| 3. | Black Panther Guards and Services Ltd., Simdega | Computer Trainer | 01 | 12th + Computer | - | 1 year | 10000-12000 | 18-35 | Simdega |
| | | Field Staff | 01 | 10th | - | No | 10000-12000 | 18-35 | Simdega |
| | | Multi Purpose Staff | 01 | 10th | - | No | 8000 | 18-35 | Simdega |

**नोट :–** भर्ती कैम्प में भाग लेने के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट- https://jharniyojan.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक अकाउंट, 08 पासपोर्ट साईज फॉटो के साथ एवं स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए रिक्ति के शर्तो के लिए सीधे नियोजक उतरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य किया जा रहा हैं। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

ह०/–

जिला नियोजन पदाधिकारी

सिमडेगा

PR 344452 Simdega (24-25)_D


## किसानों को उन्नत कृषि तकनीकियों से अवगत कराने का प्रयास, डीसी ने कहा

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसानों की जीवनशैली में सुधार संभव

**धनबाद में जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय के समीप शुक्रवार को जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से डीसी माधवी मिश्रा, निरसा विधायक अरूप चटर्जी, जिला कृषि पदाधिकारी, सभी एटीएम, बीटीएम और सभी प्रखंडों के कृषक मित्रों एवं किसानों ने भाग लिया। मेला में किसानों द्वारा विभिन्न प्रकार की कृषि उत्पादों और पशुपालन से संबंधित प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। यहां फूलगोभी, बांदा और कद्दू जैसी सब्जियों के साथ ही बकरा, मुर्गी व अन्य जानवरों की प्रदर्शनी भी देखने को मिली। मेला में आए किसानों का कहना था कि गोविंदपुर अंचल एक छोटी सी जगह है, जहां वे पूरी तरह से अपने उत्पादों और जानवरों का प्रदर्शन नहीं कर पाए। किसानों ने इस बात पर नाराजगी जताई और यह सुझाव दिया कि भविष्य में बड़े स्थान पर ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन होना चाहिए, ताकि ज्यादा किसान अपनी उपज और उत्पाद को प्रदर्शित कर सकें।

उधर, मेले में शामिल डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय किसानों को नई तकनीकों और उन्नत कृषि विधियों से अवगत कराना है। उनका कहना था कि इस तरह के मेलों के जरिए किसानों को नई जानकारी मिलती है, जिससे वे अपनी खेती में बदलाव ला सकते हैं और फसलों की उत्पादकता में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसानों की जीवनशैली में सुधार संभव है। इससे उन्हें खेती करने में आसानी होगी। किसान मेला के आयोजन से यह स्पष्ट है कि सरकार किसानों को बेहतर तकनीकी सहायता और जानकारी देने के लिए लगातार प्रयासरत है, जिससे उन्हें समय के साथ खेती में सुधार और प्रगति प्राप्त हो सके।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**

**समग्र शिक्षा**

**समाहरणालय भवन, कोडरमा**

jepckoderma@yahoo.co.in & kodermassa@gmail.com दूरभाषः 8002410681

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक........................../ दिनांक............../......../2025

**कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, 02 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में नामांकन के निमित आम सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 755 दिनांक 22.04.2014, पत्रांक 1714 दिनांक 31.08.2015, पत्रांक 249 दिनांक 03.02.2017 के आलोक में निम्नांकित विद्यालय में कोटिवार रिक्त सीट के विरूद्ध नामांकन किया जाना है।

**KGBV/JBAV VACANCY 2025-26**

| Sl. No. | Name of KGBV/JBAV | Class VI | | | | | Total | Class VII | | | | | Total | Class VIII | | | | | Total | Class IX | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST | SC | OBC | MIN | BPL | | ST | SC | OBC | MIN | BPL | | ST | SC | OBC | MIN | BPL | | ST | SC | OBC | MIN | BPL | |
| 1 | KGBV KODERMA | 1 | 10 | 36 | 10 | 18 | 75 | 0 | 1 | 1 | 10 | 2 | 14 | 0 | 0 | 0 | 7 | 1 | 8 | 1 | 2 | 2 | 9 | 2 | 16 |
| 2 | KGBV JAINAGAR | 1 | 7 | 6 | 23 | 13 | 50 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | KGBV SATGAWAN | 1 | 17 | 23 | 16 | 18 | 75 | 0 | 0 | 0 | 16 | 0 | 16 | 0 | 0 | 0 | 16 | 0 | 16 | 0 | 0 | 0 | 16 | 0 | 16 |
| 4 | KGBV MARKACHO | 3 | 9 | 38 | 7 | 18 | 75 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 5 | JBAV DOMCHANCH | 2 | 15 | 16 | 8 | 9 | 50 | 1 | 1 | 1 | 2 | 0 | 5 | 1 | 0 | 2 | 1 | 2 | 6 | 0 | 3 | 1 | 2 | 2 | 8 |
| 6 | JBAV CHANDWARA | 1 | 10 | 17 | 9 | 13 | 50 | 0 | 4 | 7 | 8 | 10 | 29 | 0 | 0 | 3 | 9 | 0 | 12 | 0 | 0 | 4 | 9 | 3 | 16 |
| | Total | 9 | 68 | 136 | 73 | 89 | 375 | 1 | 6 | 9 | 36 | 12 | 64 | 1 | 0 | 5 | 33 | 3 | 42 | 1 | 5 | 7 | 37 | 7 | 57 |

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन में निम्न प्रकार से प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। 1. अनाथ 2. एकल अभिभावक 3. आदिम जनजाति समूह की छात्रा 4. ट्रेफिकिंग से प्रभावित बालिकाएँ 5. नक्सल प्रभावित बालिकाएँ 6. सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वाली बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग से प्राप्त पलायन करने वाले व्यक्तियों/परिवार की सूची पर नियमानुसार विचार कर नामांकन लिया जाना है।

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, राँची के पत्रांक 1979 दिनांक 28.04.2023 के आलोक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय डोमचाँच में निम्नांकित रिक्ति के विरूद्ध रिक्त सीट पर नामांकन लिया जाना है–

**NSCBAV, DOMCHANCH VACANCY 2025-26**

| Sl. No. | Name of NSCBAV | I | II | III | IV | V | VI | VII | VIII | IX | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NSCBAV Domchanch | 6 | 8 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 0 | 13 | 49 |

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय डोमचाँच पूर्णतः बालकों के लिए संचालित है। इसमें निम्न कोटि के बाच्चों को ही नामांकित किया जाना है:– 1. अनाथ या एकल अभिभावक वाले बच्चे 2. नक्सली गतिविधियों में मारे गए माता–पिता के बच्चे 3. मानव तस्करी गतिविधियों से प्रभावित बच्चे 4. घर से भागे हुए बच्चें 5. खनन क्षेत्र में /Brick-Kilns Centre में काम करने वाले मजदूरों के बच्चें/या अन्य बाल मजदूर बच्चे 6. होटलों/गैराजों में काम करने वाले बाल मजदूर 7. आदिम जन–जाति के बी.पी. एलत्र परिवार के बच्चे 8. अन्य कोटि के बी.पी.एल. बच्चों का नामांकन नहीं लिया जाना है। 9. शहरी अभिवंचित/Street Children/Run-away children 10. प्रवास के दौरान दूसरे राज्यों में जाने वाले अभिभावकों के बच्चे या दूसरे राज्य से आने वाले प्रवासी बच्चें 11. कोरोना काल में बच्चे के माता या पिता के मृत्यु होने वाले बच्चे का नामांकन सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाना है।

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय डोमचाँच में नामांकन हेतु दिनांक 27.01.2025 से संबंधित विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है एवं विद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2025 निर्धारित है। उपरोक्त विद्यालय में नामांकन, भोजन, आवासन सहित अन्य सुविधाएँ निःशुल्क प्रदान की जाती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी

समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 344457 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

### भुवनेश्वर से शिरिडी और नासिक तक तीर्थयात्री ट्रेन चली

# सीएम मोहन चरण माझी ने विशेष तीर्थयात्रा ट्रेन का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए भुवनेश्वर-शिरिडी-नासिक तीर्थ यात्रा ट्रेन का शुभारंभ किया। यह ट्रेन सेवा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत शुरू की गयी है। इस ट्रेन में 6 जिलों के 800 वरिष्ठ नागरिकों ने यात्रा की है। इस वर्ष राज्य के विभिन्न जिलों से 8,000 वरिष्ठ नागरिक कुल 10 यात्राओं में तीर्थयात्रा पर जायेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ट्रेन में बैठकर तीर्थयात्रियों से बातचीत करते



दिखने को मिला है। वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के माध्यम से राज्य के वरिष्ठ नागरिक शिरडी, नासिक, कामाक्षा, बनारसी, कोलकाता दक्षिण काली मंदिर, अयोध्या जैसे 10 तीर्थ स्थलों की यात्रा करेंगे। राज्य सरकार ने गांव से स्टेशन तक और रेलवे स्टेशन से तीर्थ स्थल तक परिवहन, रहना और भोजन की व्यवस्था की है। यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को सरकार की ओर से गाइड और एस्कॉर्ट टीम की सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। इसका लाभ 60 से 75 वर्ष के नागरिकों को मिल रहा है। वरिष्ठ नागरिक अन्तदोय, राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड जैसे वित्तीय लाभ का प्रमाण प्रदान करके आवेदन के माध्यम से तीर्थयात्रा सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

# सोआ ने अकादमिक और अनुसंधान सहयोग के लिए नेब्रास्का लिंकन विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (सोआ) ने शुक्रवार को नेब्रास्का-लिंकन विश्वविद्यालय (यूएनएल), यूएसए के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इसका उद्देश्य अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को सुविधाजनक बनाना है।

समझौता ज्ञापन पर यूएनएल के चांसलर डॉ रॉडनी डी बेनेट और एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा ने हस्ताक्षर किये। प्रोफेसर चित्तरंजन रे, निदेशक, नेब्रास्का जल केंद्र, नेब्रास्का-लिंकन विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका, ने अमेरिकी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। एमओयू के तहत शिक्षण, अनुसंधान, छात्र और संकाय विनिमय, प्रौद्योगिकी सहित एक या अधिक शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग की सुविधा के लिए संस्थानों के बीच सहकारी संबंध स्थापित करेगा।




इस मौके पर प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडा, एसओए के सेंटर फॉर क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर (सीसीएसए) के निदेशक, प्रोफेसर उमा चरण मोहंती, सीसीएसए के प्रतिष्ठित प्रोफेसर, प्रोफेसर संतोष कुमार राउत, डीन, एसओए के कृषि विज्ञान संस्थान, प्रोफेसर धीरेंद्रनाथ थाटोई, अतिरिक्त डीन, एसओए के तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर बिध्याधर बासा और एसओए के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार पांडा उपस्थित थे। यूएनएल सार्वजनिक विश्वविद्यालय है, जो कानेगी रिसर्च इंस्टीट्यूशन के रूप में सूचीबद्ध है, जो कृषि विज्ञान और प्राकृतिक संसाधन, वास्तुकला, कला और विज्ञान, व्यवसाय प्रशासन, इंजीनियरिंग, शिक्षा और मानव विज्ञान सहित कई विषयों में स्नातक, स्नातक और व्यावसायिक स्तर पर शैक्षणिक कार्यक्रम पेश करता है। यूएस यूनिवर्सिटी बिग टेन एकेडमिक अलायंस का भी सदस्य है, जो विश्व स्तरीय अनुसंधान संस्थानों का एक संघ है, जिसने अपने शैक्षणिक मिशनों को आगे बढ़ाया है। छात्रों और संकाय के लिए अद्वितीय अवसर पैदा किये हैं और विशेषज्ञता साझा करके, कैंपस संसाधनों का लाभ उठा कर और सहयोग करके आम लोगों की सेवा की है।

# कनिष्ठ शिक्षकों के लिए योजनाबद्ध वेतन वृद्धि

## मासिक वेतन 11,100 रुपये से बढ़ कर 16 हजार हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** योजनाबद्ध कनिष्ठ शिक्षक [जूनियर शिक्षक (योजनाबद्ध)] पूरे शिक्षा कार्यक्रम में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर पर कार्यरत हैं। उन्हें प्रति माह 11,100 रुपये का भुगतान किया जाता है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस श्रेणी के शिक्षकों के मासिक वेतन में वृद्धि करने का निर्णय लिया है और इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

मुख्यमंत्री के फैसले के मुताबिक इन शिक्षकों का मासिक वेतन 11,100 रुपये से बढ़ा कर



- 13,740 शिक्षकों को लाभ होगा, प्राथमिक शिक्षा में सुधार होगा
- अतिरिक्त 89.15 करोड़ रुपये राज्य सरकार वहन करेगी

16,000 रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही इस श्रेणी के शिक्षकों के लिए इपीएफ की राशि भी 1443 रुपये से बढ़ कर 1950 रुपये हो गयी है। इस निर्णय के साथ, राज्य सरकार अब प्रत्येक योजनाबद्ध जूनियर शिक्षक को प्रति माह 17,950 रुपये का भुगतान करेगी, जबकि पहले 12,543 रुपये का भुगतान करती थी। गौरतलब है कि राज्य में फिलहाल 13,740 योजनाबद्ध जूनियर शिक्षक कार्यरत हैं। इसके लिए राज्य सरकार प्रति वर्ष 89.15 करोड़ रुपये अतिरिक्त वहन करेगी।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य में प्राथमिक शिक्षा के सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। 16 हजार से अधिक जूनियर शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। गोदाबरीश मिश्र ने आदर्श प्राथमिक विद्यालय योजना लागू की है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इससे इस श्रेणी के कनिष्ठ शिक्षकों को लाभ होगा। प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा।

# खंडगिरी स्थित बाबा काशीनाथ के बैकुंठ धाम आश्रम पर चला बुलडोजर




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** खंडगिरी स्थित बाबा काशीनाथ के वैकुंठ धाम आश्रम को काफी विवाद के बाद बीडीए द्वारा शुक्रवार को तोड़ दिया गया है। उच्च न्यायालय ने इससे पहले वैकुंठ धाम आश्रम पर अंतरिम सुरक्षा आदेश को हटा लिया था। विवादित आश्रम पर सरकारी जमीन पर होने का आरोप था। वैकुंठ धाम आश्रम में एक बालक को कल्कि का अवतार घोषित करते हुए उसके चरणों में तुलसी के माला और भगवद गीता रख कर उसकी पूजा की जा रही थी। वह लोगों की भविष्यवाणी कर रहा था, जिस को लेकर बैकुंठधाम आश्रम चर्चा में था। स्वघोषित बाबा काशीनाथ अब फरार है। स्थिति को देखते हुए आश्रम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

पिछले 18 नवंबर को लोक प्रशासन, बीडीए और भुवनेश्वर तहसील की संयुक्त टीम ने आश्रम का सर्वे किया था। इसमें कहा गया है कि लगभग 8 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन पर अवैध मंडप, भवन और रोसशाला का निर्माण किया गया था। इसके बाद बैकुंठ धाम तोड़ने के लिए दिन तय किया गया था, परंतु आश्रम के अधिकारियों ने अगले दिन जल्दबाजी में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। पता चला कि जो दस्तावेज उच्च न्यायालय को दिया गया था, वो पूरी तरह से फर्जी था। उच्च न्यायालय ने लोक प्रशासन से जवाब मांगा, तो सच्चाई पकड़ में आ गयी। इस जानलेवा घटना के सामने आने के बाद उच्च न्यायालय हैरान रह गया। रोक हटाने के बाद शुक्रवार को बीडीए बुलडोजर लेकर खंडगिरी में स्थित वैकुंठ धाम को दौड़ने लगा। गुरुवार को बीडीए की ओर से नोटिस जारी किया गया था।

## नवीन जिंदल ने की सीएम से मुलाकात



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** लोकसभा के सांसद एवं जिंदल स्टील एंड पावर के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने 16 जनवरी को ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की। लोक सेवा भवन में हुई बैठक में उन्होंने अंगुल स्टील प्लांट की क्षमता विस्तार समेत राज्य में जेएसपी परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। श्री जिंदल ने उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव और कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन से भी मुलाकात की। यात्रा के दौरान श्री जिंदल के साथ जेएसपी अंगुल के मुख्य और कार्यकारी निदेशक पंकज मल्हन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

धनबाद, दिनांक 15–01–2025, मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) / पूर्व मध्य रेल / धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :– **ई–निविदा सं. : C-710- TKS-1- GCT, क्र. सं. : 1 कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** टोकीसूद – 1 – (TKS) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी– मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष ) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास।, **क्र. सं. : 2** टोकीसूद स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : रु. 49,68,06,085/–, **क्र. सं. : 3 ब्याने की राशि :** 4,96,80,700/–, **क्र. सं. : 4 निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 07.02.2025 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 07.02.2025 को 15:30 बजे से। **क्र. सं. : 5 वेबसाइट, का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

स.वा.प्र., पू.म.रेल, धनबाद

पीआर/01935/डीएचएन/वा./टी/24–25/36


# बरगढ़ रोड-नुआपड़ा रोड नयी रेलवे लाइन परियोजना का विस्तार

- परियोजना अनुमोदन व वित्तीय समीक्षा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने और आर्थिक विकास को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण विकास में भारतीय रेलवे ने बरगढ़ रोड से नुआपड़ा रोड को जोड़ने वाली 138.32 किलोमीटर नयी रेलवे लाइन के निर्माण में पर्याप्त प्रगति की है। इस विशेष रेल परियोजना से यात्री और माल परिवहन सेवाओं दोनों के लिए एक नया, छोटा और अधिक कुशल मार्ग प्रदान करके ओडिशा में परिवहन परिदृश्य को बदलने की उम्मीद है।

10 सितंबर 2024 को रेलवे बोर्ड ने 2,621.92 करोड़ रुपये की कुल लागत के साथ बरगढ़ नुआपड़ा रोड लाइन को मंजूरी दी। परियोजना का वित्तीय विवरण इस प्रकार है:- सिविल इंजीनियरिंग: 2,107.30 करोड़, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग: 305.55 करोड़, सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियरिंग: 209.07 करोड़ रुपये।

ओड़िशा सरकार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसके सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मुफ्त भूमि और 300 करोड़ का अनुदान दिया है। इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक 924.64 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण है, जिसकी अनुमानित लागत 364 करोड़ है। इस भूमि में 752.524 हेक्टेयर निजी भूमि, 123.233 हेक्टेयर सरकारी भूमि और 48.913 हेक्टेयर वन भूमि शामिल है। प्रक्रिया में तेजी लाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप, बारगढ़ और नुआपड़ा दोनों जिलों में भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। पहले ब्लॉक खंड के लिए भूमि अधिग्रहण, जो बरगढ़ तहसील में बरगढ़ और सामसारा के बीच फैला है और इसमें पांच गांव शामिल हैं, तेजी से प्रगति कर रहा है। 25 अक्टूबर 2024 को, रेलवे ने पहले ब्लॉक खंड के लिए भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव प्रस्तुत किया, और जिला अधिकारियों ने 28 दिसंबर 2024 तक पांच गांवों के लिए भूमि अनुसूची का सत्यापन पूरा कर लिया। रेलवे संशोधन अधिनियम के तहत 20 (क) अधिसूचना की उम्मीद है शीघ्र ही प्रकाशित किया जाएगा, जिससे इस प्रमुख अनुभाग के लिए समय पर भूमि अधिग्रहण में सुविधा होगी। भूमि अधिग्रहण में देरी किये बिना आगे बढ़ते हुए परियोजना को पूरा करने की दिशा में कार्यान्वयन मार्ग पर प्रगति की जायेगी।

**परियोजना की मुख्य विशेषताएं**

यह नयी रेल लाइन एक विद्युतीकृत ब्रॉड गेज (बीजी) मेल लाइन होगी, जो यातायात के लिए अधिक कुशल वैकल्पिक मार्ग की पेशकश करेगी, जो वर्तमान में भीड़भाड़ वाले झारसुगुड़ा-बिलासपुर-रायपुर कॉरिडोर से होकर गुजरती है। नयी रेलवे लाइन मार्ग के दूर-दराज और वंचित क्षेत्रों में लोगों की सार्वजनिक आकांक्षाओं को बहुत प्रभावित करने के लिए तैयार है।










# 70 से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक स्टार्टअप परियोजनाओं व एल्युमीनियम उद्योग में नवाचार को वेदांता एल्युमीनियम ने दिया बढ़ावा

**राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर, कंपनी ने दक्षता और स्थिरता बढ़ाने के लिए 100 से अधिक परियोजनाओं में महत्वपूर्ण निवेश के साथ स्टार्टअप के साथ अपने रणनीतिक सहयोग पर प्रकाश डाला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने एल्युमीनियम क्षेत्र में महत्वपूर्ण व्यावसायिक चुनौतियों से निपटने वाले 70 से अधिक स्टार्टअप के साथ सफल जुड़ाव को उजागर करके नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इन साझेदारियों के परिणामस्वरूप स्टार्टअप के साथ नवाचार को बढ़ावा देने के लिए वेदांता स्पार्क पहल के तहत 100 से अधिक परियोजनाओं की तैनाती हुई है, जिसमें रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर विजन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और स्मार्ट सुरक्षा समाधान शामिल हैं, विनिर्माण मानकों को फिर से परिभाषित किया गया है, और उद्योग में स्थिरता और



तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए वेदांता एल्युमीनियम के समर्पण को मजबूत किया गया है।

इस अवसर पर बोलते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ, सुनील गुप्ता ने कहा कि भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसमें गतिशील उद्यमी और अभिनव समाधान उद्योगों को बदल रहे हैं और व्यापार मॉडल को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। हम इन स्टार्टअप के साथ सहयोग करने के लिए उत्साहित हैं, जिनकी अत्याधुनिक तकनीकें और नये विचार हमें एल्युमीनियम क्षेत्र में दक्षता, स्थिरता और नवाचार को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

अपने विचार जोड़ते हुए अमितेश सिन्हा, उपाध्यक्ष और प्रमुख, कॉर्पोरेट वेंचर कैपिटल और स्पार्कट वेदांता ने कहा कि हमारा मानना है कि विनिर्माण, धातु और खनन का भविष्य स्टार्टअप्स से नवीन तकनीकों को अपनाने में निहित है। उन्होंने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम नेतृत्व टीम ने स्टार्टअप सहयोग और उनके अत्याधुनिक समाधानों को अपनाकर एक मजबूत उदाहरण स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि वेदांता स्पार्क के माध्यम से, हम एक स्टार्टअप इकोसिस्टम का निर्माण कर रहे हैं जो प्रभाव-बढ़ाने वाली मात्रा को बढ़ावा देता है, लागत में कटौती करता है और विश्व स्तरीय ESG मानकों को प्राप्त करता है।

साझेदारी के महत्व पर टिप्पणी करते हुए इनफिनिट अपटाइम के सीइओ और संस्थापक रौनक भिंगे ने कहा कि इनफिनिट अपटाइम को इस बात का आभार है कि वेदांत एल्युमीनियम हमारे समाधान को अपनाने वालों में से एक है। एक छोटी सी पहल के रूप में शुरू हुई यह साझेदारी अब एक सफल साझेदारी बन गयी है। उन्होंने कहा कि वेदांत स्पार्क ने वेदांत समूह के भीतर स्टार्टअप्स का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, जिससे हमें मजबूत व्यावसायिक मामले बनाने और समूह की खरीद प्रक्रियाओं को नेविगेट करने में मदद मिली है। बदले में समूह की कंपनियों ने अपने संचालन में नवाचार की तीव्र शुरूआत से काफी लाभ उठाया है। ऐसी तकनीकों को अपनाना स्टार्टअप सहयोग के माध्यम से नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए वेदांत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**